हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 2 अगस्त 2025

तापमान

अधिकतम 33.4 डिग्री

न्यूनतम 24.7 डिग्री

■ सभी स्कूलों को समझाइश देकर छोड़ा गया, पुन: मिली गड़बड़ी तो होगी कार्रवाई



# अधिकारी भी 5 मिनट से अधिक नहीं उठा सके बैग, छात्र ने बताया-9 किलो है वजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

बस्ते का बोझ जांचने जिले के निजी स्कूल पहुंचे अधिकारी छात्रों के उस बैग को पांच मिनट भी नहीं उठा सके, जिसे लेकर बच्चे रोजना कई किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा स्कूली बच्चों के बस्तों के बोझ को कम करने विशेष टीम बनाई गई है। यह टीम स्कूलों में जाकर, रास्ते में अथवा ऑटो-बस में स्कूली छात्रों के बस्तों की जांच करेगी। यदि बस्ते का वजन तय मानक से अधिक पाया गया, तो स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभियान के पहले चरण में कई निजी ⏭ शेष पेज 11 पर

## बस्ते का बोझ कम करने जिले में बनाई गई है विशेष टीम, निजी स्कूलों का निरीक्षण



### मानक से अधिक वजन

सभी छात्रों के बस्तों का वजन तय मानक से अधिक रहा। सभी स्कूलों को समझाइश दी गई है। व्यवस्था में सुधार नहीं होता को कार्रवाई की जाएगी।

- **अमित तिवारी**, बीईओ, धरसींवा



### हमने तौले हैं अपने बस्ते

जांच टीम धरसींवा विकासखंड के बीईओ अमित तिवारी के नेतृत्व में गठित की गई है। इस दल में व्यायाम शिक्षकों को शामिल किया गया है ताकि वे बच्चों की शारीरिक स्थिति को उचित रूप से समझ सकें और उन्हें टिप्स दे सकें। जांच के दौरान 7वीं कक्षा के एक छात्र ने स्वयं ही अधिकारी को बताया कि उसने अपना बस्ता तौला है और इसका वजन 9 किलो है। स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि बैग में चार से अधिक कॉपी और पुस्तकें नहीं होनी चाहिए, लेकिन सभी छात्रों के बस्ते में इससे अधिक विषयों की कॉपी-किताबें मिली। विद्यार्थी 2 लीटर की क्षमता वाले पानी की बोतल के साथ पहुंच रहे हैं। स्कूलों को इसका ध्यान रखने और बोतल रीफिल करने पानी उपलब्ध कराने निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप



### कार चोरी कर लावारिस छोड़ी, धरा गया आरोपी

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने एक युवक को कार चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। चोर ने कार मालिक की मां को सर्वे करने आने का झांसा देकर घर से चाबी चोरी कर ली, कार लेकर भाग गया था। कार चोरी करने के आरोप में पुलिस ने मुंगेली निवासी आकाश कार्तिक उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मोनू कार चोरी कर ले जाने के बाद कार को मुंगेली नाका के पास लावारिस हालत में छोड़कर कार के चारों पहिए तथा बैटरी निकालकर बेच दिया था। पुलिस को जानकारी मिली है कि आकाश कार्तिक पूर्व में कार मालिक शशांक ताम्रकार के यहां ड्राइवर था।

### चाय बेचने वाले किशोर ने की आत्महत्या

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित ज्ञान गंगा स्कूल के पीछे 17 वर्षीय किशोर ने पेड़ की डंगाल में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी का कारण अज्ञात है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, नरदहा निवासी सूरज यादव ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। मृतक के पास के किसी तरह का पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूरज स्कूल के पास चाय ठेला लगाता था। पुलिस को सूरज के खुदकुशी करने की जानकारी शुक्रवार सुबह मिली।

### सार्वजनिक जगह गांजा पीते पांच गिरफ्तार

**रायपुर।** प्रतिबंधित मादक पदार्थों के सेवन पर अंकुश लगाने एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर पुरानी बस्ती, डीडीनगर, आजाद चौक तथा टिकरापारा पुलिस ने पांच लोगों को सार्वजनिक स्थान पर गांजा पीते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सार्वजनिक जगह गांजा पीने के आरोप में होरीलाल ध्रुव, शेख आजम, देवा साहू, आकाश नायक तथा दिनेश कुमार धीवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पांचों के खिलाफ 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल किया है।

### रिटायर्ड अफसर को झांसा देकर ठगे 25 हजार

**रायपुर।** राखी थाने में एक सेवानिवृत्त अफसर ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर 25 हजार रुपए ठगे जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। संचालनालय लोक अभियोजन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी एमआर ध्रुव ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। श्री ध्रुव ने पुलिस को बताया कि उसके पास 10 मार्च को अज्ञात नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने क्रेडिट कार्ड अपडेट करने का झांसा देकर एक लिंक भेजा। लिंक ओपन करने पर उनके अकाउंट से जालसाज ने पैसे आहरित कर ठगी का शिकार बनाया।

त्योहार से पहले ही ट्रेनों की बुकिंग फुल, नई व्यवस्था से भीड़ पर लगेगी लगाम

# रक्षाबंधन पर ट्रेनों में भीड़ रहेगी नियंत्रित भोपाल-प्रयागराज के लिए स्लीपर फुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रक्षाबंधन पर इस बार कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को सफर के दौरान पहले जैसी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। रेलवे की नई वेटिंग सूची व्यवस्था के तहत एसी कोच में 60 और स्लीपर कोच में 30 प्रतिशत तक ही वेटिंग जारी की जा रही है। इसके चलते पर्व से एक सप्ताह पहले ही कई प्रमुख ट्रेनों की बुकिंग फुल हो चुकी है। रायपुर से मुंबई, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनों में स्लीपर कोच की बुकिंग पूरी तरह बंद हो गई है। ऐसे में अब यात्री वैकल्पिक साधनों की तलाश में जुट गए हैं। बस सेवाओं में भी मांग बढ़ने से ओवररेट के साथ अग्रिम बुकिंग की जा रही है। हरिभूमि ने लंबी दूरी की प्रमुख ट्रेनों के विभिन्न कोच की बुकिंग स्थिति की पड़ताल की। नई वेटिंग व्यवस्था के कारण ट्रेनों में अब अनियंत्रित भीड़ नहीं होगी, जिससे सफर पहले की तुलना में अधिक आरामदायक हो सकेगा। 6 से 8 अगस्त के बीच लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग पूरी होने वाली है। इसके बाद 10 से 13 अगस्त के बीच ट्रेनों की वेटिंग पूरी होने के बाद बुकिंग पूरी तरह से जल्द बंद हो जाएगी। ट्रेनों में वेटिंग दूर करने रेलवे अतिरिक्त कोच की व्यवस्था करेगा।

## 6 से 13 अगस्त तक ट्रेनों की वेटिंग फुल, बसों में भी बढ़ी बुकिंग

### भोपाल के लिए चार ट्रेनों में स्लीपर कोच की बुकिंग बंद, एसी ही बचा विकल्प

रायपुर से भोपाल जाने वाले यात्रियों को रक्षाबंधन से पहले ट्रेनों में सीट मिलना मुश्किल हो गया है। 7 अगस्त के लिए चलने वाली छह ट्रेनों में से चार ट्रेनों पुरी-जोधपुर, बिलासपुर-बिकानेर, गोंडवाना और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में स्लीपर कोच की बुकिंग पूरी तरह बंद हो चुकी है। अब यात्रियों के पास केवल एसी कोच में सफर करने का विकल्प बचा है। पुरी-जोधपुर और बिकानेर ट्रेनों में 3एसी कोच भी फुल हो चुके हैं। वहीं समता एक्सप्रेस में स्लीपर की वेटिंग 55 तक पहुंच चुकी है, जो जल्द ही बंद हो सकती है। अन्य ट्रेनों में केवल फर्स्ट और सेकंड एसी में ही सीमित सीटें उपलब्ध हैं। ऐसे में भोपाल जाने वाले यात्रियों को अब वैकल्पिक साधनों की तलाश करनी पड़ रही है।



### उत्तरप्रदेश की ट्रेनों में भी स्लीपर में बुकिंग फुल

रायपुर से उत्तरप्रदेश जाने वाली प्रमुख ट्रेनों की बुकिंग रक्षाबंधन से पहले ही पूरी हो चुकी है। सारनाथ और दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में आमतौर पर भारी भीड़ रहती है। अब बरौनी एक्सप्रेस, दुर्ग-नौतनवा और सारनाथ एक्सप्रेस में स्लीपर कोच की बुकिंग बंद हो गई है। प्रयागराज जाने वाले यात्रियों को अब बस या एसी कोच के विकल्प तलाशने पड़ रहे हैं। वहीं पटना की ओर भीड़ बढ़ने के कारण बुकिंग में तेजी आई है।

### वेटिंग टिकट पर यात्रा की तो होगी कार्रवाई

अब ट्रेन में वेटिंग टिकट लेकर सफर करना पहले की तरह संभव नहीं होगा। रेलवे ने सख्ती बरतते हुए स्पष्ट किया है कि केवल कन्फर्म टिकट वाले यात्री ही यात्रा कर सकेंगे। वेटिंग टिकट लेकर यात्रा करने पर ऐसे यात्रियों पर कार्रवाई की जाएगी। ट्रेन में भीड़ नियंत्रित रखने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए रेलवे ने तैयारी शुरू कर दी है। बिना टिकट या वेटिंग टिकट पर यात्रा करने वालों की जांच के लिए विशेष दल गठित किए गए हैं, जो ट्रेन के साथ-साथ प्लेटफॉर्म पर भी तैनात रहेंगे। साथ ही, यात्रियों की सुविधा के लिए कोच और शौचालय की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। रेलवे का दावा है कि नई व्यवस्था से यात्रियों को अधिक सुव्यवस्थित और बेहतर यात्रा अनुभव मिलेगा।

### मुंबई जाने स्लीपर से पहले एसी कोच हुए फुल

रायपुर से मुंबई के लिए 8 अगस्त को सफर करने वालों के लिए ट्रेन में सीट मिलना चुनौती बन गया है। दुरंतो एक्सप्रेस, गीतांजली, मुंबई एलटीटी और ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों में थर्ड और सेकंड एसी की बुकिंग पहले ही फुल हो चुकी है। मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस में एसी कोच में कुछ सीटें उपलब्ध हैं, लेकिन स्लीपर कोच की वेटिंग पूरी हो चुकी है। 8 अगस्त को रायपुर से मुंबई की ओर 6 ट्रेनें रवाना होंगी, जिनमें लगभग 80 प्रतिशत सीटों की बुकिंग हो चुकी है।

# इंजीनियर पर फेंका पांच फीट लंबा अजगर विरोध करने पर पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पेशे से कंस्ट्रक्शन से जुड़े एक इंजीनियर ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ उस पर अजगर सांप फेंके जाने का विरोध करने पर मारपीट करने की विधानसभा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना गुरुवार रात आठ से नौ बजे के बीच की है। बदमाश रास्ते में गाड़ी अड़ाकर अजगर देख रहे थे। इस वजह से इंजीनियर रुक गया, तब एक बदमाश ने इंजीनियर पर पांच फीट लंबा जिंदा अजगर फेंक दिया।

- इंजीनियर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ दर्ज किया अपराध
- रास्ते को ब्लाक कर देख रहे थे अजगर

धरसींवा, खौना निवासी कुलदीप ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुलदीप ने पुलिस को बताया है कि वह घटना दिनांक को काम निपटाने के बाद अपने घर जा रहा था। इस दौरान टेकारी के पास कुछ लोगों ने रास्ता जाम कर दिया था। जहां रास्ता जाम किया गया था, वहां लोगों की भीड़ थी। इस वजह से कुलदीप मौके पर रुक गया। इस दौरान एक युवक ने अजगर को उठाकर कुलदीप पर फेंक दिया। सांप फेंकने वाले युवक को कुलदीप ने डांटा और बाइक लेकर आगे निकल गया। इसके बाद टेकारा मोड़ के पास सांप फेंकने वाला तथा दो अन्य एक बाइक में पहुंचे और कुलदीप की बाइक को ओवरटेक कर रोका और उसके साथ मारपीट की। मारपीट करने वाले लड़के शराब के नशे में थे।

### सेंट्रल पुलिस फोर्स भर्ती, शामिल होंगे 1600

**रायपुर।** यूपीएससी द्वारा 3 अगस्त को आयोजित सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स में सहायक कमांडेंट भर्ती परीक्षा को लेकर कलेक्टर गौरव सिंह ने केंद्राध्यक्षों और आब्जर्वर की रेडक्रास सभागार में बैठक ली। उन्होंने केंद्रों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## दो अलग-अलग मामलों में पांच किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में बढ़ते नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने एसएसपी के निर्देश पर मुजगहन तथा डीडीनगर थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 हजार रुपए से ज्यादा कीमत का पांच किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक उत्तरप्रदेश का रहने वाला है।





■ डीडीनगर, मुजगहन पुलिस की कार्रवाई में दबोचे गए तस्कर

गांजा तस्करी करने के आरोप में डीडीनगर पुलिस ने उत्तरप्रदेश, सीतापुर निवासी सुभाष तिवारी के कब्जे से साढ़े चार किलो गांजा जब्त किया है। सुभाष तस्करी कर गांजा खपाने रायपुर पहुंचा था। सुभाष को पुलिस ने सरोना सब्जी मंडी के पास ⏭ शेष पेज 11 पर

# जंगल सफारी में एकाकी जीवन जी रही जेब्रा के लिए साथी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जंगल सफारी में गुजरात जामनगर स्थित अनंत अंबानी के राधे कृष्णा टेम्पल एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट से लाए गए दो जेब्रा में से एक की मौत के बाद मादा जेब्रा को ह्यूमन फ्रेंडली बनाने साढ़े तीन एकड़ के बाड़ा में छोड़ा जा रहा है। जेब्रा को नियमित तीन से चार घंटे के लिए बाड़ा में छोड़ा जा रहा है। जामनगर से लाए गए जोड़ी जेब्रा में से नर जेब्रा की ढाई माह पूर्व रसेल वाइपर के काटने से मौत हो गई थी। इसके बाद से मादा जेब्रा को क्वारेंटाइन कर दिया ⏭ शेष पेज 11 पर

- ढाई माह पूर्व सर्पदंश से नर जेब्रा की मौत के बाद मादा अकेले रह रही है

### ह्यूमन फ्रेंडली बनाने साढ़े तीन एकड़ के बने बाड़े में जेब्रा की हो रही परेड



**झुंड में रहने वाला वन्यजीव :** जानकारों के अनुसार जेब्रा झुंड में रहने वाला वन्यजीव है। एकल रहने पर जेब्रा अवसाद में आ जाता है। अवसाद में आने की वजह से जेब्रा को स्वास्थ्यगत परेशानी हो सकती है। वन्यजीव जानकार जेब्रा को युगल जोड़ी के बजाय झुंड में रहने वाला वन्यजीव मानते हैं। जानकारों के अनुसार युगल जोड़ी रहने पर भी जेब्रा अवसाद में आ सकता है।

### मादा जेब्रा के लिए साथी की तलाश

सफारी प्रबंधन के अनुसार मादा जेब्रा के लिए साथी की तलाश की जा रही है। इसके लिए देश के अलग-अलग राज्यों के जू से संपर्क किया जा रहा है। जिस जू में अतिरिक्त जेब्रा होगा, उस जू से जेब्रा लाने सीजेडए से अनुमति लेकर अदला बदली की जाएगी। मैसूर में एक नर जेब्रा है, लेकिन उसकी उम्र कम है। इस वजह से जेब्रा की अदला-बदली करने में परेशानी हो रही है।

# स्थानीय प्रभाव से शहर में सुबह तेज बारिश सप्ताहभर राहत के आसार

- मानसून द्रोणिका ही सामान्य स्थिति में, नया सिस्टम नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्थानीय प्रभाव से शुक्रवार सुबह शहर में काफी देर तक तेज बारिश हुई, उसके बाद दिनभर धूप निकली रही। नया सिस्टम नहीं होने की वजह से सप्ताहभर व्यापक वर्षा की संभावना बहुत कम है। अपनी सामान्य स्थिति में मौजूद मानसून द्रोणिका ही एक-दो स्थानों पर बारिश का कारण बन सकती है।

जुलाई में भारी बारिश के बाद सिस्टम समाप्त हो गया है। अब अगस्त के पहले सप्ताह में बारिश की संभावना बहुत कम है। राज्य में व्यापक वर्षा के लिए नयी मौसम तंत्रिका सक्रिय होने का इंतजार करना पड़ेगा। अभी मानसून द्रोणिका ही सामान्य स्थिति में होने की वजह से प्रदेश के किसी हिस्से में भारी बारिश का कारण बन सकती है। शुक्रवार को राजधानी में आधे घंटे तक तेज बारिश हुई, मगर यह गतिविधि खंडवर्षा के रूप में थी, इसलिए मौसम विभाग के आंकड़े में दर्ज नहीं हो पाई है। वर्षा प्रभावित में इसका असर इतना अधिक था कि कई सड़कों में कुछ देर के लिए पानी भर गया था। इसके बाद निकली धूप ने असर दिखाया, जिससे गर्मी महसूस होने लगी। रायपुर का अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे अधिक था। वहीं पिछले चौबीस घंटे में कुसमी में 9 सेमी. तथा अंबागढ़ चौकी में 5 सेमी. वर्षा दर्ज की गई। राज्य में अब तक 629 मिमी. बारिश हुई है, जो औसत 581 मिमी. से आठ प्रतिशत अधिक है।

नर्सिंग पाठ्यक्रम में 30 सितंबर एडमिशन की अंतिम तिथि

# बढ़ेंगी बीएससी की सीटें, एनआरसी से मान्यता और आयुष विश्वविद्यालय से संबद्धता का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एडमिशन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए नर्सिंग कालेजों को एनआरसी से मान्यता और आयुष विश्वविद्यालय से संबद्धता मिलने का इंतजार है। इस बार बीएससी की सीटों में थोड़ा इजाफा होने की उम्मीद है। व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए, जिसमें साढ़े 15 हजार अभ्यर्थी पात्र हैं। नर्सिंग कालेजों में एडमिशन के लिए अंतिम तारीख 30 सितंबर तय की गई है।

प्रदेश में एक हजार के लगभग निजी एवं शासकीय नर्सिंग कालेज हैं, जहां बीएससी,



एमएससी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा परिणाम घोषित किए जाने के बाद यहां प्रवेश की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। नियम के मुताबिक नर्सिंग कालेजों में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल से पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति आयुष विश्वविद्यालय से संबद्धता लेना आवश्यक होता है। आने वाले दिनों में यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार बीएससी की प्रदेश में साढ़े 7 हजार, एमएससी की करीब 2 हजार और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की 2 हजार के आसपास सीटें हैं। सूत्रों के अनुसार व्यासायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित बीएससी की प्रवेश की परीक्षा में 46 हजार अभियार्थी शामिल हुए थे, जिसमें साढ़े 15 हजार को पात्र माना गया है।


### 15 परसेंटाइल न्यूनतम अर्हता की मांग

प्रायवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन द्वारा इस बार नर्सिंग एडमिशन में राजपत्र के आधार पर 15 परसेंटाइल न्यूनतम अर्हता के साथ प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। अभी काउंसिलिंग के दौरान बीएससी नर्सिंग में पहले 50 प्रतिशत न्यूनतम अंक का नियम लागू किया जाता है। इसके बाद धीरे-धीरे नियमों में शिथिलता बरती जाती है। इस प्रक्रिया की वजह से हर बार प्रवेश की प्रक्रिया काफी लंबी हो जाती है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


● नेतृत्व के हर निर्देश को शिरोधार्य कर
● अपने दायित्वों का पूर्णत: निष्ठा से निर्वहन करते हुए
● देश में बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान
मान. रमेश बैस जी
पूर्व राज्यपाल-त्रिपुरा, झारखंड, महाराष्ट्र
को
जन्मदिन की शुभकामनाएं
शुभेच्छु
समस्त मित्रगण, रायपुर (छत्तीसगढ़)

## खबर संक्षेप

### तामासिवनी में विधायक इंद्रकुमार ने रोपे पौधे



आरंग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तामासिवनी में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शानदार आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक इंद्र कुमार साहू रहे। उन्होंने पौधारोपण कर सभी को पौधारोपण करने की प्रेरणा प्रदान किये। वही विशेष अतिथि विवेक तिवारी जनपद सदस्य अभनपुर, सरपंच श्याम साहू एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे शा.वि. एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरुण साहू, मिथिलेश सिंहा, रूपनारायण साहू, चेतन लाल साहू, बिंदु बंजारे, उषा रात्रे, वि.ख. शिक्षा अधिकारी अभनपुर धनेश्वरी साहू, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राकेश कुमार साहू, संस्था की प्राचार्य शीला तोलानी, पू.मा.शा. प्र.पा. धनीराम बया, संकुल समन्वयक भास्कर साहू, इको क्लब प्रभारी लक्ष्मी चंद्राकर, ज्ञानेंद्र मिश्रा व समस्त शिक्षक गण, गांव के गणमान्य नागरिक सभी छात्र और उनके माता-पिता, सबने मिलकर इस कार्यक्रम के तहत लगभग 400 पौधों का रोपण कर एक पेड़ मां के नाम 2.0/" को सार्थक करते हुए अपनी माता, भारत माता, धरती माता के प्रति सच्ची श्रद्धा और प्रेम को प्रदर्शित किये। इस अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू द्वारा शाला विकास को गति प्रदान करने हेतु, शेड निर्माण एवं विद्यालय प्रांगण कांक्रीटीकरण हेतु स्वीकृति प्रदान किये।

### चरौदा स्कूल के बच्चों किया स्वास्थ्य परीक्षण




आरंग। शुक्रवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक, नवीन प्राथमिक एवं प्राथमिक शाला चरौदा में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंचकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही डाक्टरों की टीम ने बच्चों को स्वच्छता का महत्व और विधि को विस्तार पूर्वक बताते हुए हांथ धुलाई का डेमोंस्ट्रेशन कराया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेडीकल आफिसर डा. देवेन्द्र बंजारे, डा. शिवानी नायक, फार्मासिस्ट वीरेन्द्र बंजारे, एएनएम रमा साहू ने रसोईयों को खाना बनाते समय स्वच्छता संबंधी आवश्यक सावधानी बरतने को कहा। तथा स्कूल प्रबंधन से आयरन टेबलेट वितरण की जानकारी ली गई। इस अवसर पर सभी स्कूलों के संस्था प्रधान सहित शिक्षक शिक्षिकाओं और बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति रही।

### बीजेपी मंडल पदाधिकारियों ने की विधायक से भेंट की




आरंग। भारतीय जनता पार्टी समोदा मंडल के सभी नव नियुक्त पदाधिकारीगण आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब और जिला रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग से भेट मुलाकात करने उनके निवास पहुचे। इस दौरान देव कुमार साहू समोदा मंडल अध्यक्ष, जयकांत वर्मा उपाध्यक्ष, तोरण साहू उपाध्यक्ष, जीतांजलि सोनकर उपाध्यक्ष, गजेन्द्र वर्मा महामंत्री, विष्णु धीवर महामंत्री, मनहरण निषाद मंत्री, दुर्गा साहू मंत्री, लक्ष्मण दिवान मंत्री, सुरेन्द्र वर्मा कोषाध्यक्ष, मोहन यादव सह कोषाध्यक्ष, चंद्रशेखर साहू सोशल मीडिया प्रभारी, आलोक चौधरी ने विधायक व रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष को धन्यवाद प्रेषित किया।

# तुलसीदास जयंती पर मानस गान ने श्रोताओं को किया भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

अलग खबर

विश्व प्रसिद्ध ग्रंथ रामचरितमानस के रचयिता संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर सड्डू गाँव में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। आदर्श नवयुवक रामायण समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस साल भी सावन सप्तमी के पावन दिन पर संत तुलसीदास जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक तरीके से मनाया गया।

गाँव में पिछले पचास वर्षों से लगातार सावन मास में रामचरितमानस का पाठ होता आ रहा है।

## ग्राम सड्डू के भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे



### पत्नी की उलाहना से जागृत हुआ भक्तियोग

उनका जन्म मूल नक्षत्र में हुआ था, जिसके कारण उनके माता-पिता ने उन्हें त्याग दिया था। उनका पालन-पोषण किसी और के घर हुआ। लेकिन, यह उनकी पत्नी रत्नावली के कुछ कड़वे शब्द थे, जिन्होंने उन्हें भगवान राम की भक्ति का मार्ग दिखाया और एक साधारण व्यक्ति को रामचरितमानस जैसे अमर ग्रंथ का रचयिता और महान संत बना दिया। सड्डू गाँव अपनी धार्मिक आस्था और परंपराओं के लिए जाना जाता है। यहाँ के लोग प्रभात फेरी, रामसप्ताह और वार्षिक रामायण उत्सव जैसे धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इस विशेष कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष पंचराम साहू, सेवक निषाद, अलखराम निषाद, राजेंद्र पाल, फेरु साहू, कंसराम निर्मलकर, कंसराम वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, श्यामसुंदर पटेल, कुम्भकरण पटेल, पवन पटेल, धरमसिंह पटेल, द्वारिका पटेल सहित गाँव के अनेक गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ मिलकर भक्तिभाव से मानस गान का आनंद लिया और संत तुलसीदास जी को नमन किया।

इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समिति ने संत तुलसीदास जी की जयंती को विशेष मानस गान के रूप में मनाने की शुरुआत की है। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने तुलसीदास जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक उनकी पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में आर.एल. शांडिल्य जी ने तुलसीदास जी के जीवन और उनके साहित्यिक योगदान पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार तुलसीदास जी ने रामचरितमानस जैसे महान ग्रंथ की रचना कर समाज को भक्ति और नैतिकता का मार्ग दिखाया। इस दौरान, धर्मेंद्र वर्मा ने अपने संबोधन में कहा, /"संत तुलसीदास जी का जीवन हमें सिखाता है कि प्रेरणा कहाँ से भी मिल सकती है।

## अपराध : पुरानी रंजीश के कारण घर में घुसकर किया मारपीट

# देवरी मारपीट मामले में अंततः दो जेल दाखिल, एक की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा से लगे ग्राम देवरी में बंसी लाल साहू के परिवार पर हुए हमले के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक असामाजिक तत्वों का तांडव और पुलिस की अनदेखी यह घटना 24 जुलाई की रात करीब 8:30 बजे की है।

जब गांव के ही युगल दुबे, विक्की, और दादू नामक युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते बंसी लाल साहू के घर पर हमला कर जमकर मारपीट की। पीड़ित की नाबालिग बेटी ने हिम्मत जुटाकर थाने में रिपोर्ट लिखाई, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अपराधियों के हौसले बुलंद थे और पुलिस की निष्क्रियता ने उन्हें और बढ़ावा दिया।




### दो गिरफ्तार, एक की तलाश

थाना प्रभारी राजेंद्र दीवान ने बताय कि घटना के तत्काल बाद पुलिस हरकत में आई है और ग्राम देवरी में आरोपियों की खोजबीन किया गया पर सभी आरोपी फरार हो गए थे। बाद में पुलिस ने दो आरोपी को पकड़ कर जेल दाखिल किया। एक अभी फरार है।

### *विधायक के हस्तक्षेप के बाद ही हुई कार्रवाई*

*जब पुलिस की तरफ से कोई मदद नहीं मिली और न्याय की उम्मीद खत्म होने लगी, तो पीड़ित बंसी लाल साहू ने स्थानीय विधायक अनुज शर्मा से गुहार लगाई। विधायक के हस्तक्षेप के बाद ही पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई शुरू हुई। पुलिस ने 6 दिन बाद दो आरोपियों को हिरासत में लिया। इस घटना ने क्षेत्र में आम लोगों के बीच गहरी निराशा पैदा कर दी है।*

***आरोपी गिरफ्तार :*** *पुलिस का कहना है कि वे तत्काल जांच में जुट गए थे, लेकिन सभी आरोपी फरार हो गए थे, जिसके कारण कार्रवाई में देरी हुई। फिलहाल, पुलिस ने आरोपियों पर धारा 296, 115(2), 351(2), और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है और फरार आरोपी की तलाश जारी है।*

# प्रेमचंद की जयंती पर पंच परमेश्वर नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



हिंदी साहित्य के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के उपलक्ष्य में गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंग में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी /"पंच परमेश्वर/" पर आधारित नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य के नेतृत्व में मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर पुष्प अर्पण कर से हुआ। इस मंचन का निर्देशन स्कूल के हिंदी विभाग के शिक्षक सुकांती अग्रवाल, तुषार मानिकपुरी एवं विष्णु प्रसाद साहू द्वारा किया गया, जिसमें कक्षा 7वीं, 8वीं के छात्रों ने अपने जीवंत अभिनय से न्याय, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों जैसे विचारों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्य एवं सह संचालक ने कहा, आज के युग में प्रेमचंद की कहानियाँ हमें सत्य और न्याय की प्रेरणा देती हैं। 'पंच परमेश्वर' जैसी कहानी बच्चों में नैतिक जागरूकता और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करती है।/" विद्यालय के प्रांगण में दर्शक शिक्षकों व छात्रों ने पूरे कार्यक्रम को अत्यंत सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को मुन्शीं प्रेमचंद को एक साहित्यिक श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित किया।

# तुलसीदास की जयंती पर किया मानस पाठ

हरिभूमि न्यूज : तरपोंगी



समीपस्थ ग्राम सड्डू मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आदर्श नवयुवक रामायण समिति द्वारा हर साल सावन भर रामचरित मानस गान करते आ रहे हैं। सावन माह के सप्तमी तिथि को रामचरित मानस के रचयिता संत शिरोमणि तुलसीदास जी का जन्म हुआ। आदर्श रामायण समिति द्वारा प्रतिवर्ष इस दिन संत तुलसीदास जी के तैल चित्र पर दीप बत्ती पूजा अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया जाता हैं। इसी कड़ी मे आर एल शांडिल्य जी ने तुलसीदास जी के जीवनी पर विस्तार से चर्चा व इनके लिखे ग्रंथों के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम मे समिति के अध्यक्ष पंचराम साहू, सेवक निषाद, अलखराम निषाद, राजेंद्र पाल, फेरु साहू, कंसराम निर्मलकर, कंसराम वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, श्यामसुंदर पटेल, कुम्भकरण पटेल, पवन पटेल, धरमसिंह पटेल, द्वारिका पटेल सहित श्रोता गण उपस्थित थे।

# आंकलन शिविर में किया 105 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व 25 को रेफर

**सिलयारी।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देश पर विकासखंड धरसीवा के शालाओं में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु आंकलन शिविर का आयोजन शासकीय कन्या हाई स्कूल चरौदा में आयोजित किया गया। आंकलन शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला ढीलेंन्द्र सेन, जनपद सदस्य पूजा अश्वनी वर्मा , एपीसी समावेशी शिक्षा माया वर्मा , बीआरसीसी प्रकाश यादव , नोडल अधिकारी उल्लास कार्यक्रम लोकेश कुमार वर्मा , प्रवीण कुमार छत्रवाणी स्पेशल एजुकेटर , प्रेरणा यादव थेरेपिस्ट , संकुल समन्वयक हिमकर साहू, रोहित घृतलहरे, युवराज वर्मा सहित अन्य संकुल समन्वयक , शालाओं के शिक्षक व बच्चों के पालकगण उपस्थित रहे। आंकलन शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला ढीलेंन्द्र सेन व अन्य अतिथियों के द्वारा 15 बच्चों को लो विजन किट एवं 2 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को पज़ल सेट का वितरण किया गया। आंकलन शिविर में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत समावेशी शिक्षा में प्री-प्रायमरी , कक्षा 1 से 12 वीं तक के शालाओं में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के 21 प्रकार की दिव्यांगता के आधार पर स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से विशेषज्ञ चिकित्सकों ईएनटी डॉ संजय तिवारी, मनोरोग विशेषज्ञ अविनाश शुक्ला, साइकोलाजिस्ट ममता गोस्वामी की टीम के द्वारा परीक्षण किया गया। शिविर में ऐसे बच्चों को बुलाया गया था जिनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बना है , जिन बच्चों को शल्य चिकित्सा की आवश्यकता है , जो बच्चें आज तक किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण में सम्मिलित नही हुए है और जिन बच्चों को उपकरण की आवश्यकता है। शिविर स्थल पर 10 दिव्यांग बच्चों का यूडीआईडी कार्ड भी बनाया गया। शिविर में कुल 105 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें से श्रवणबाधित 9, अल्पदृष्टीबाधित 63, सिकलसेल 7, बहु दिव्यन्गता 4,सेलेब्रल पाल्सी 1, अस्थिबाधित 10 , स्लो लर्नर 2, बौद्धिक दिव्यांगता 2 एवं डाउन सिंड्रोम वाले 1 बच्चें का चिन्हांकन हुआ। 25 बच्चों को जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

# मनवा कुर्मी समाज का तीज मिलन सावन झूला और आनंद मेला कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज एवं छात्रावास समिति तिल्दा राज के संयुक्त तत्वावधान में तीज मिलन,सावन झूला, आनंद मेला एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन कुर्मी बोर्डिंग नेवरा तिल्दा में किया जा रहा है।

आयोजन समिति प्रमुख महिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा एवं उपराजप्रधान कौशल वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज के प्रान्त प्रमुख केंद्रीय अध्यक्ष श्री खोड़स राम कश्यप जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे,अध्यक्षता राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर नगर निगम दुर्ग अल्का बघमार, राजप्रधान बलौदाबाजार सुनीता वर्मा,राजप्रधान धमधा सत्यभामा परगनिहा, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा,सदस्य राज्य महिला आयोग एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा,केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल,नगर पालिका अध्यक्ष तिल्दा चंद्रकला डॉ खुमान वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष कुम्हारी मीना वर्मा,सभापति जिला पंचायत रायपुर द्वय सरोज चंद्रवंशी, स्वाति वर्मा,जनपद उपाध्यक्ष तिल्दा दुलारी डॉ सुरेंद्र वर्मा होंगे। इस अवसर पर दसों राज के राजप्रधान, महिला प्रमुख,युवा प्रमुखों सहित स्वजातीय उपस्थित रहेंगे।

### होंगी विविध प्रतियोगिताएं

उल्लेखनीय है कि महिलाओं की सामाजिक सांस्कृतिक, क्रीड़ा, अभिव्यक्ति क्षमता को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में बहनों के लिए निःशुल्क चूड़ियाँ,मेहदी, आलता,महावर,सावन झूला देहाती रचुली के अलावा मेंहदी लगाओ,रंगोली बनाओ,सुई धागा दौड़,कुर्सी दौड़,नीबू दौड़,गुलेल से गुब्बारों पर निशाना लगाने जैसे आकर्षक मनोरंजक स्पर्द्धाओं के साथ-साथ समूह नृत्य, फ़ैशन शो,छत्तीसगढ़ी कलेवा बनाने आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया है। उक्त प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी के रूप में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की दसों राज की विवाहित महिलाएं पात्र होंगी। विजयी प्रतिभागियों को पुरुष्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ,मुख्य संरक्षक महेश नायक ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से समाज में महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि होगी तथा समाज के गौरवशाली इतिहास के प्रकाश में मातृशक्ति की भूमिका समान रूप से सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होनें बताया कि निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मान भी किया जाएगा।

### विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

छत्तीसगढ़ जीवन ज्योति रक्तदान समिति के प्रदेशाध्यक्ष एवं केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनिल वर्मा ने बताया समिति के मार्गदर्शन में राज युवाध्यक्ष दीपक वर्मा के नेतृत्व में युवा समाज तिल्दा राज द्वारा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित है जिसमें प्रदेश भर से युवा रक्तदाता योगदान देंगे। रक्तदाताओं को हेलमेट भेंट कर प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा। समस्त स्वजातियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी रहेगी।

# शिक्षक डा. वेद ने मवेशियों को सड़क से हटाकर दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सड़कों पर बैठे मवेशी सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं, जिससे जान माल का नुकसान हो सकता है। इससे बचने के लिए महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीवां के रसायन शास्त्र के व्याख्याता डॉ. बेद लाल साहू ड्राइविंग के दौरान जहां पर भी सड़क पर मवेशियों को सड़क पर बैठे देखते हैं तो वह वहीं रुककर या अपनी गाड़ी को सड़क किनारे रखकर मवेशियों को सड़क से दूर भगाकर खुले मैदान में चारागाह की तरफ दूर भगाकर हटाते हैं। डॉ. साहू समय समय पर विभिन्न सामाजिक सेवा कार्य जैसे वृद्धजन का सम्मान, दिव्यांग प्रोत्साहन, निर्धन छात्र छात्राओं को प्रतिभा प्रोत्साहन, शिक्षा के मुख्य धारा से वंचित दिशाहीन बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से पुनः जोड़कर विद्यालय पहुंचाना, अपने तथा अपने बच्चों के जन्मदिन पर अस्पतालों में जाकर मरीजों तथा उनके परिवार वालों को निःशुल्क भोजन बांटना इत्यादि सेवा कार्य करते रहते है।

# सौरभ जैन को मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया



**तिल्दा नेवरा।** भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा नेता सौरभ जैन ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव , भाजपा प्रदेश महामंत्री पवन साय, सांसद बृज मोहन अग्रवाल,केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा , संभाग प्रभारी सौरभ सिंह, भाजपा जिला रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष श्याम कुमार नारंग और तिल्दा नेवरा के वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं पदाधिकारियों व मंडल अध्यक्ष तथा संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए, सौरभ जैन ने कहा कि उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए वे संगठन के आभारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और लगन से निभाएंगे। सौरभ जैन को तिल्दा नेवरा भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष बनाये जाने पर शहर के सभी वर्गों में ख़ुशी का माहौल है भाजपा के समस्त पदाधिकारी व सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की हैं।

## पेज 9 के शेष...

### अधिकारी भी 5 मिनट...

स्कूलों में टीम पहुंची। यहां उन्होंने छात्रों के बस्तों की जांच की। लगभग प्रत्येक स्कूल में बस्ते का वजन तय मानकों से अधिक पाया गया। टीम ने माता सुंदरी पब्लिक स्कूल, खालसा उच्चतर माध्यमिक शाला, पूर्णिमा इंग्लिश मीडियम स्कूल, सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा सालेम कन्या हिन्दी मीडियम स्कूल का का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्यों और शिक्षकों से इस संदर्भ में चर्चा भी की गई। शाला प्रबंधन को निर्धारित अवधि में छात्रों के बस्तों का बोझ कम करने हिदायत दी गई है।

### जंगल सफारी में...

गया था, जिसे अब जू में बने बाड़ा में नियमित तौर पर छोड़ा जा रहा है। जंगल सफारी के डायरेक्टर थेजस शेखर के अनुसार मादा जेब्रा पूरी तरह से स्वस्थ है। जेब्रा को ह्यूमन फ्रेंडली बनाने नियमित कुछ घंटों के लिए छोड़ा जा रहा है। ह्यूमन फ्रेंडली होने के बाद जेब्रा को जू में आने वाले पर्यटक पूरे समय देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जू प्रबंधन ने सफेद भालू के बदले जेब्रा को जामनगर स्थित राधे कृष्णा टेम्पल एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट से लाया गया था। नर जेब्रा की सर्पदंश से मौत हुई थी। तब से मादा जेब्रा जू में एकाकी जीवन जी रही है।

### दो अलग-अलग मामलों...

घेराबंदी कर पकड़ा है। मुजगहन पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में राजकुमार यादव को गिरफ्तार किया है। राजकुमार बोरियाकला के एक खंडहर में लोगों को चोरी छिपे गांजा बेच रहा था। राजकुमार को गांजा बेचते रंगे हाथ पकड़ने पुलिस ने एक पाइंटर भेज कर गांजा बेचते गिरफ्तार किया है।

## // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वारा सेक्टर-12 सामान्य आवास योजना नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक एच.आई.जी.- 149 को श्री रामनाथ टेम्भरे पिता श्री नानूराम टेम्भरे के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 28.03.2024 को लीजडीड (पट्टा - विलेख ) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री रामनाथ टेम्भरे पिता श्री नानूराम टेम्भरे निवासी- शिवनगर, पवार समाज भवन के पीछे, नया चंगोराभाटा, चंगोराभाटा, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती इंदुमति यादव पति श्री उत्तम कुमार यादव निवासी सिंचाई कॉलोनी, वार्ड नं. 32, स्पीकर हाउस के पास, शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः सेक्टर-12 सामान्य आवास योजना नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक एच.आई.जी.- 149 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय /अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH Nirakar Multispeciality Hospital
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सवन्नी दिल्ली गए



**रायपुर।** क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी शुक्रवार को दिल्ली गए। चार दिन पहले ही उन पर क्रेडा के वेंडरों ने कमीशन मांगने का आरोप लगाया था। हालांकि इसी के साथ क्रेडा के वेंडरों के संघ ने इस बात का भी खंडन किया था कि उनके संघ के किसी भी सदस्य ने कोई आरोप नहीं लगाया है। इस बीच अचानक क्रेडा के अध्यक्ष दिल्ली गए हैं। इस समय दिल्ली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि वे पारिवारिक कार्यों से दिल्ली गए हैं।

### नारायण सिंह सहकारी अधिकरण के अध्यक्ष

**रायपुर।** राज्य शासन ने सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश नारायण सिंह को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी अधिकरण बिलासपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति आदेश में कहा गया है कि उनका कार्यकाल नियुक्ति दिनांक से तीन साल के लिए होगा। राज्य सरकार ने राज्य सहकारी निर्वाचन आयुक्त के पद पर विपिन मांझी की नियुक्ति का आदेश एक दिन पहले जारी किया था। यह पदभार ग्रहण करने के दिनांक से उनका कार्यकाल दो साल का होगा।

### राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती कल

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जोन-3 के सहयोग से राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती 3 अगस्त को प्रातः 11 बजे जलविहार कॉलोनी उद्यान स्थित प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

### पं. रविशंकर शुक्ल और शहीद पं. विद्याचरण शुक्ल की जयंती आज

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जोन-4 के सहयोग से अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती 2 अगस्त पर प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट गार्डन स्थित प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करने कार्यक्रम रखा गया है। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री शहीद पं. विद्याचरण शुक्ल की जयंती 2 अगस्त को प्रातः 11 बजे नगर निगम मुख्यालय गार्डन में मूर्ति स्थल पर उनका सादर नमन करने पुष्पांजलि आयोजन रखा गया है।

### नगर सैनिक के नतीजे जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित नगर सैनिक भर्ती परीक्षा के अंतिम उत्तर तथा नतीजे जारी कर दिए गए हैं। भर्ती परीक्षा का आयोजन 22 जून को किया गया था। अग्निशमन, आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह परीक्षा हुई थी।

### बंश गोपाल रविवि के लोकपाल नियुक्त

**रायपुर।** प्रो.बंश गोपाल सिंह को रविवि का लोकपाल नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सभी विश्वविद्यालयों को लोकपाल की नियुक्ति करने निर्देश दिए गए थे ताकि विश्वविद्यालयों में सभी कार्य पारदर्शी रूप से हो सकें। इसके परिपालन में ही रविवि ने यह नियुक्ति की है।

# एफडीए का 'बने खाबो-बने रहिबो' तीन दिनी विशेष जांच अभियान 4 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्षा ऋतु में आम लोगों को गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ की उपलब्धता और उसकी वजह से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रदेशभर में दो दिनी अभियान चलाया जाएगा। इस अवधि में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम विभिन्न प्रतिष्ठानों में जाकर जांच कर सैंपल उठाएगी। 4 से 6 अगस्त के बीच चलने वाले इस विशेष अभियान को 'बने खाबो - बने रहिबो' का नाम दिया गया है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर चलाए जाने वाले इस अभियान का उद्देश्य खाद्य प्रदायकों को एफएसएसएआई के दिशा-निर्देशों से अवगत कराना, आम जन को स्वच्छ व सुरक्षित भोजन के प्रति जागरूक करना और उनके खान-पान की आदतों को स्वास्थ्य अनुकूल बनाना है। अभियान के दौरान राज्य के सभी जिलों एवं ब्लॉकों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण किया जाएगा। स्ट्रीट फूड वेंडर्स एवं खाद्य परोसने वाले प्रतिष्ठानों की जांच की जाएगी। इसके साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से मौके पर ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य के प्रति जानकारी दी जाएगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग इस अभियान के माध्यम से न केवल खाद्य कारोबारियों को, बल्कि आम जनता को भी सुरक्षित, स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक भोजन के लिए जागरूक करने के प्रति प्रतिबद्ध है।

## वर्षा ऋतु में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए अलर्ट

### नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री सील

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने भाठागांव के जगन्नाथ मिल्ड एंड प्रोडक्ट में छापेमारी कर नकली पनीर बनाने का मामला पकड़ा था। मामले में संस्थान से नकली पनीर सहित विभिन्न सामग्री के सैंपल लेकर फैक्ट्री को सील कर दिया है। जांच के दौरान वहां एनालॉग पनीर का मामला सामने आया था, जिसका निर्माण दूध पावडर, वनस्पति घी से किया जाता था। विभागीय टीम ने कुछ समय पहले वहां से एनालॉग पनीर और दूध पावडर का सैंपल लिया था। जांच टीम द्वारा 7 माह के भीतर विभिन्न स्थानों से 75 सौ किलो नकली पनीर जब्त कर नष्ट कराया है।



### लाइसेंसी दुकान से करें खरीदी

एनालॉग डेयरी उत्पाद वे होते हैं, जिनमें दूध के घटकों को आंशिक या पूर्ण रूप से गैर-दूध घटकों द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। खाद्य कारोबारकर्ताओं की यह जिम्मेदारी है कि डेयरी एनालॉग पदार्थ को पनीर बताकर विक्रय न करें। उपभोक्ता एनालॉग पनीर एवं वास्तविक पनीर की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर एफएसएसएआई लाइसेंसी दुकान से ही क्रय करें।

- **नितेश मिश्रा**, सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन

# बोरियाखुर्द से कोलर तक की सड़क सात वर्षों से अंधेरे में स्ट्रीट लाइटें नहीं लगने से 40 से ज्यादा हो चुके हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर से पुराना धमतरी मार्ग को वर्ष 2018 में पीडब्ल्यूडी विभाग ने नई सड़क बनाकर चकाचक किया था। इस मार्ग पर नई सड़क के निर्माण से गाड़ियों का आवागमन भी सुगम हुआ है, लेकिन इस मार्ग पर बोरियाखुर्द से ग्राम कोलर तक सड़क पर विभाग स्ट्रीट लाइट लगाना ही भूल गया है, जिसके कारण पिछले सात वर्षों से यह मार्ग रात के समय अंधेरे में डूबी रहती है। इसके कारण इस मार्ग पर लगातार दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा रही है, तो कई गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। ताज्जुब की बात यह है कि इस सड़क पर स्ट्रीट लाइटें नहीं होने के कारण लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के बाद भी विभाग नींद से जागा नहीं है। इधर इस सड़क पर स्ट्रीट लाइटें लगाने के लिए पिछले कई साल से क्षेत्रीय विधायक से लेकर जिला पंचायत सदस्य भी मांग करते आ रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी सड़क को रोशन करने के लिए कोई पहल नहीं की गई है।


### 2018 में बनी सड़क, पर लाइटें नहीं लगाई

पुराना धमतरी मार्ग कई ग्रामों को जोड़ता है। इस कारण इस मार्ग पर हर दिन लाखों लोग गाड़ियों से आवागमन करते हैं। यह सड़क वर्ष 2018 में बनाई गई थी, तब से इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है। इतने वर्षों में यहां तीन दर्जन से ज्यादा दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लाइट नहीं लगाई गईं, तो और दुर्घटनाएं होंगी, जिससे जानें भी जा सकती हैं।

- **संदीप यदु**, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर

### पुल भी हुए जर्जर छड़ दिखने लगे

पुराना धमतरी मार्ग पर कई जगह पुल भी बनाए गए हैं। इन पुलों की हालत भी खराब होने लगी है। इनमें मुजगहन के पास बनाए गए पुल की ऊपरी सतह इस तरह से जर्जर हो गई है कि कई जगह गड्ढे हो गए हैं। कुछ जगह तो छड़ तक दिखाई दे रही है। यह स्थिति सेजबहार पुल की भी है।



### सड़क निर्माण के साथ स्ट्रीट लाइटें लगाने का ठेका साथ में

विभागीय सूत्र के अनुसार पुराना धमतरी मार्ग को नया करने के लिए विभाग ने टेंडर निकाला था। इस टेंडर में सड़क निर्माण के साथ स्ट्रीट लाइटें लगाने का कार्य भी शामिल था। एजेंसी ने ठेका के अनुसार सड़क का निर्माण तो किया, लेकिन स्ट्रीट लाइटें नहीं लगाईं। विभागीय सूत्र का यह भी कहना है कि इस मार्ग पर गाड़ियों के दुर्घटना होने के कई बार स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग भी आई थी, लेकिन विभाग ने इसे अनदेखा कर दिया। विभाग की इस लापरवाही के कारण इस मार्ग पर अब तक 40 से ज्यादा गाड़ियां दुर्घटना का शिकार हो चुकी हैं, जिसमें लोगों के घायल होने के साथ मौतें भी हुई हैं।

### सामान्य सभा में भी उठ चुका है मुद्दा

बोरियाखुर्द से ग्राम कोलर तक सड़क पर स्ट्रीट लाइटें नहीं होने के कारण हो रही दुर्घटना तथा जर्जर हो रहे पुल का मुद्दा हाल ही में रेडक्रास भवन रायपुर में हुई जिला पंचायत की सामान्य सभा में भी उठ चुका है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने यह मुद्दा उठाते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के दौरान स्ट्रीट लाइटें क्यों नहीं लगाई गई है इसकी जानकारी तक नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रात में अंधेरा होने के कारण इस मार्ग पर कई हादसे हो चुके हैं, जिसे देखते हुए विभाग में स्ट्रीट लाइटें लगाने की मांग भी की गई है, बावजूद लाइट नहीं लगाई गई है।

## लभांडी-जोरा एवं फुंडहर की सड़क अंधेरे में डूबी, बिगड़ने पर पुरानी स्ट्रीट लाइट सुधारकर लगा रहे बिजली कर्मी

राजधानी रायपुर के लाभांडी, जोरा एवं फुंडहर की सड़क पर रात में चलना मुश्किल हो गया है। इस सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइटें ज्यादातर खराब होने के कारण बंद हैं। विद्युत विभाग इन बिगड़ी लाइटों की जगह नई लाइट लगाना छोड़ उन्हें ही सुधार कर फिर लगा रहे हैं, जो कुछ घंटों के बाद फिर बंद हो जा रही हैं। बारिश के सीजन में विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही के कारण इस मार्ग पर दुर्घटना की संभावना तो बनी हुई है, साथ ही इस क्षेत्र में रहने वाले लोग भी परेशान हो रहे हैं।

### इन मार्गों की चार दिन चांदनी फिर अंधेरी रात जैसी स्थिति

शहर के जोरा, लाभांडी एवं फुंडहर मार्गों की स्थिति चार दिन चांदनी फिर अंधेरी रात जैसे स्थिति है। इस वार्ड क्रमांक 51 अंतर्गत सांई नगर से लेकर लाभांडी, जोरा और फुंडहर आदि क्षेत्र की सड़कों पर लगी ज्यादातर स्ट्रीट लाइट हमेशा बंद रहती है। ये लाइटें सिर्फ इसलिए बंद रहती हैं कि यहां लगाई जाने वाली लाइट की क्वालिटी बहुत खराब है, जिससे उसकी लाइफ भी बहुत कम है। ये लाइटें जल्द बिगड़ रही हैं। इसके बाद भी इन बिगड़ी लाइटों की जगह नई लगाना छोड़ उसी बिगड़ी लाइट को सुधारकर लगा दिया जा रहा है।

### स्टॉक नहीं होने का बहाना बेच रहे कम कीमत पर

विद्युत विभाग में नई लाइट को लेकर अक्सर यही जवाब मिलता है कि नया स्टॉक नहीं है, इसलिए पुरानी लाइटों को सुधारकर लगाया जा रहा है, लेकिन सूत्रों की मानें, तो कई बिजली कर्मचारी शासकीय लाइटों को बेचने का भी काम कर रहे हैं। लोगों से संपर्क कर वे उन्हें बाजार से कम मूल्य पर लाइट बेच देते है, वहीं स्ट्रीट लाइट को सुधारकर पुनः वहां लगा देते हैं, जिसके बारे में विभागीय अधिकारी को भी जानकारी नहीं हो पाती।

### इन कालोनियों में भी रात में छाया रहता है अंधेरा

जोन 9 अंतर्गत अवंती विहार में भी स्ट्रीट लाइटें ज्यादातर बंद रहती हैं। शाम ढलते ही यहां रहने वाले लोगों को अंधेरे में सड़क पर आवागमन करना पड़ता है। बारिश के सीजन में अवंति विहार में सांप भी निकल रहे हैं, जिसके कारण पैदल गुजरने वाले लोगों में भय बना हुआ है। हालात यह हैं कि कई लोगों ने रात में भोजन करने के बाद वॉक करना बंद कर दिया है।

## इग्नू ने फिर बढ़ाई दाखिले की तारीख, आवेदन 15 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से जुलाई सत्र-2025 में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को एक बार फिर बढ़ा दिया गया है। ऐसे में जिन अभ्यर्थियों ने जुलाई सत्र-2025 के लिए अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं किया है, अब वे 15 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। बता दें, इग्नू की ओर से इससे पहले रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 जुलाई से बढ़ाकर 31 जुलाई की गई थी। आधिकारिक




अधिसूचना के तहत अब छात्र इग्नू में ओडीएल या ऑनलाइन कोर्सेज के लिए 15 अगस्त से आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम, अवधि, सिलेबस सहित अन्य जानकारी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### 300 से अधिक कोर्स

छात्र सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन या पोस्ट-ग्रेजुएशन कोर्सेज के लिए इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इग्नू में जुलाई सत्र-2025 में एडमिशन लेने के लिए छात्र घर बैठे स्वयं ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जुलाई सत्र में 300 से अधिक कोर्स उपलब्ध है, जिसमें 48 (बीए, बीकॉम, बीबीए) के लिए, 75 कोर्स (एमए, एमएससी, एमबीए) के लिए और अन्य कोर्स स्नातक, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट आदि के लिए उपलब्ध है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कई तरह के रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किए गए हैं।

## ब्वायज हॉस्टल में घुसकर लैपटॉप उड़ाने वाले तामिलनाडु के तीन शातिर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में इन दिनों दक्षिण भारत के चोर गिरोह सक्रिय होकर चोरी कर रहे हैं। सिविल लाइंस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने ब्वायज हॉस्टल के तीन कमरों का ताला तोड़कर लैपटॉप तथा नकदी चोरी करने के आरोप में तामिलनाडु के तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि पकड़े गए चोरों ने राजधानी के कई और थाना क्षेत्रों में चोरी की होगी। अन्य चोरी को लेकर पुलिस, चोरों से पूछताछ कर रही है। हॉस्टल में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तामिलनाडु, वेल्लोर निवासी सुरेश, सेनमुगम कावेरी तथा मजूनाथन गणेश गोविंदासामी को गिरफ्तार किया है। तीनों शातिरों ने शिवनाथ सिन्हा द्वारा संचालित हॉस्टल में 28 जुलाई को चोरी की थी। शिवनाथ के हॉस्टल में दूसरे शहर से काम करने आए लोग तथा स्टूडेंट किराए पर रूम लेकर रहते हैं। हॉस्टल में रहने वाले काम करने तथा पढ़ाई करने गए थे। इस दौरान चोर चोरी छिपे हॉस्टल में घुस गए और तीन अलग-अलग कमरों का ताला तोड़ कर चोरी की थी।

■ राजधानी के कई और थाना क्षेत्र में चोर गिरोह द्वारा चोरी करने की आशंका



### स्टेशन रोड स्थित संचालित लॉज में मिला फूटेज

हॉस्टल में चोरी की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए पंडरी तथा आसपास के सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। पुलिस को स्टेशन रोड स्थित संचालित एक लॉज में चोरों के जाने का फूटेज मिला। लॉज का रजिस्टर चेक करने पर तीनों की पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूताछ की, तो उन लोगों ने ब्वायज हॉस्टल में चोरी करना कबूल किया।


## किरण देव बोले- जल्द होगा प्रदेश संगठन का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपपा के प्रदेश संगठन का सात माह से विस्तार अटका हुआ है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की कमान किरण देव ने 17 जनवरी को संभाली है। उसके बाद से लगातार प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी का इंतजार हो रहा है। इस समय जिलों की कार्यकारिणी बनाने का क्रम चल रहा है। इसके बाद ही प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान होगा। इस बीच शुक्रवार को प्रदेशाध्यक्ष किरण देव प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के साथ दिल्ली गए हैं। वहां पर संगठन की बैठक में शामिल होंगे। दिल्ली जाने से पहले प्रदेशाध्यक्ष ने कहा, प्रदेश संगठन का जल्द विस्तार होगा।

■ प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के साथ गए दिल्ली

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेल साय दो दिनों से दिल्ली में हैं। इस बीच प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और संगठन महामंत्री पवन साय को दिल्ली से बुलावा आया और दोनों नेता शुक्रवार को यहां से दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली में राष्ट्रीय संगठन के नेताओं के साथ उनकी बैठक होगी। दिल्ली रवाना होने से पहले किरण देव ने कहा, दिल्ली में भाजपा संगठन की बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंने अपनी कार्यकारिणी को लेकर कहा, जल्द ही संगठन का विस्तार किया जाएगा। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के नोटिस पर किरण सिंह देव ने कहा, नोटिस का जवाब अब तक नहीं मिला है।



## छत्तीसगढ़ सिंधु महापंचायत का संरक्षक मंडल गठित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सिंधु महापंचायत के अध्यक्ष अमर गिदवानी ने महापंचायत के वरिष्ठजनों के संरक्षक मंडल का विधिवत गठन किया, जिसमें श्रीचंद सुंदरानी, सतीश थौरानी, सुंदरदास जादवानी, जीवतराम तोलवानी, मोहनलाल तेजवानी, लद्धाराम नैनवानी, मुखी शमनलाल खूबचंदानी तिल्दा, खेमचन्द मध्यानी दुर्ग, राम गिडलानी तिल्दा, रूपचन्द भीमनानी राजनांदगांव, मुरलीधर माखीजा कोरबा, राजा देवनानी कांकेर समेत 12 सदस्यीय संरक्षक मंडल का गठन किया गया। इसके पश्चात सलाहाकार मंडल एवं उपाध्यक्ष, मंत्री की घोषणा की जाएगी।

### महाष्टमी के स्थान पर अब नुवाखाई को अवकाश

**रायपुर।** छग शासन द्वारा स्थानीय अवकाश में परिवर्तन किया गया है। 30 सितंबर को महाष्टमी के दिन पूर्व में घोषित अवकाश के स्थान पर नुवाखाई पर्व पर 28 अगस्त को अवकाश की घोषणा की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संदर्भ में आदेश जारी कर दिया गया है।

## पेज 9 के शेष

### अधिकारी भी 5 मिनट...

स्कूलों में टीम पहुंची। यहां उन्होंने छात्रों के बस्तों की जांच की। लगभग प्रत्येक स्कूल में बस्ते का वजन तय मानकों से अधिक पाया गया। टीम ने माता सुंदरी पब्लिक स्कूल, खालसा उच्चतर माध्यमिक शाला, पूर्णिमा इंग्लिश मीडियम स्कूल, सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा सालेम कन्या हिन्दी मीडियम स्कूल का का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्यों और शिक्षकों से इस संदर्भ में चर्चा भी की गई। शाला प्रबंधन को निर्धारित अवधि में छात्रों के बस्तों का बोझ कम करने हिदायत दी गई है।

### जंगल सफारी में...

गया था, जिसे अब जू में बने बाड़ा में नियमित तौर पर छोड़ा जा रहा है। जंगल सफारी के डायरेक्टर थेजस शेखर के अनुसार मादा जेब्रा पूरी तरह से स्वस्थ है। जेब्रा को ह्यूमन फ्रेंडली बनाने नियमित कुछ घंटों के लिए छोड़ा जा रहा है। ह्यूमन फ्रेंडली होने के बाद जेब्रा को जू में आने वाले पर्यटक पूरे समय देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जू प्रबंधन ने सफेद भालू के बदले जेब्रा को जामनगर स्थित राधे कृष्णा टेम्पल एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट से लाया गया था। नर जेब्रा की सर्पदंश से मौत हुई थी। तब से मादा जेब्रा जू में एकाकी जीवन जी रही है।

### दो अलग-अलग मामलों...

घेराबंदी कर पकड़ा है। मुजगहन पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में राजकुमार यादव को गिरफ्तार किया है। राजकुमार बोरियाकला के एक खंडहर में लोगों को चोरी छिपे गांजा बेच रहा था। राजकुमार को गांजा बेचते रंगे हाथ पकड़ने पुलिस ने एक पाइंटर भेज कर गांजा बेचते गिरफ्तार किया है।

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वारा सेक्टर-12 सामान्य आवास योजना नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक एच.आई.जी.- 149 को श्री रामनाथ टेम्भरे पिता श्री नानूराम टेम्भरे के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 28.03.2024 को लीजडीड (पट्टा - विलेख ) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री रामनाथ टेम्भरे पिता श्री नानूराम टेम्भरे निवासी-शिवनगर, पवार समाज भवन के पीछे, नया चंगोराभाटा, चंगोराभाटा, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती इंदुमति यादव पति श्री उत्तम कुमार यादव निवासी सिंचाई कॉलोनी, वार्ड नं. 32, स्पीकर हाउस के पास, शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः सेक्टर-12 सामान्य आवास योजना नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक एच.आई.जी.- 149 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय /अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय मछुआरा सम्मेलन कहार-भोई समाज की बैठक

**रायपुर।** मछुआरा समाज को संगठित करने की दिशा में आगामी 5 अक्टूबर को इंडोर स्टेडियम में "राष्ट्रीय मछुआरा सम्मेलन" आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए मछुआरा समाज के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली जाकर समाज से जुड़े सांसदों व मंत्रियों को आमंत्रित किया है। इस संबंध में आयोजन समिति के राजेंद्र औसर ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आयोजन की तैयारी और सहमति के लिए शुक्रवार को छत्तीसगढ़ कहार-भोई समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सम्मेलन को लेकर सर्वसम्मति से समर्थन दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय मछुआरा संघ की प्रदेश अध्यक्ष गायत्री गायग्वाल, पूर्व अध्यक्ष चंद्र कुमार चौधरी, सचिव पुष्कर कहार, वरिष्ठ सदस्य पंकज नायक, महासभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद औसर, पूर्व कोषाध्यक्ष परमेश्वर भोई, रायपुरा के पार्षद महेंद्र औसर, पूर्व सचिव सतीश चौधरी, वरिष्ठ सदस्य मोतीलाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष भुवनलाल अवसरिया, उपाध्यक्ष पद्मा कहार, मंदिर प्रभारी पोषण भोई, पूर्व अध्यक्ष शिव भोई, सदस्य आनंद भोई सहित कहार-भोई समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### छग बाल संरक्षण परिषद का सावन उत्सव आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित शिक्षा का मंदिर, स्पीच थेरेपी सेंटर, बालगृह बालिका एवं बालक माना कैम्प के समस्त स्टाफ, बच्चे एवं बच्चों के पालकों के लिए सावन उत्सव का आयोजन 2 अगस्त शनिवार को दोपहर 2 बजे परिषद कार्यालय सप्रे शाला परिसर में किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि विधायक सुनील सोनी, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर शैल ठाकुर होंगी। उक्त जानकारी परिषद के संयुक्त सचिव राजेंद्र कुमार निगम ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

### महावीर स्कूल में ट्रैफिक नियमों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम



**रायपुर।** महावीर हायर सेकेंडरी स्कूल गुढ़ियारी में शुक्रवार को विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों की जानकारी देने एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीएसपी केएस ठाकुर एवं ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी टीके भोई ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना क्यों आवश्यक है और सड़क पर सुरक्षित तरीके से चलने के लिए कौन-कौन से नियमों का पालन करना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी समझाया कि ड्राइविंग लाइसेंस क्यों जरूरी है, इसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है और यातायात के दौरान अनुशासन कैसे बनाए रखें। स्कूल के प्राचार्य में अतिथियों का आभार जताया।

# मान्यता के लिए अब जमीन नहीं बल्कि बिल्टअप एरिया होगा काउंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अपने संबद्धता उप-नियमों में अहम बदलाव करते हुए अब यह तय किया है कि किसी स्कूल में अधिकतम कितने सेक्शन चलाए जा सकते हैं, यह स्कूल की बनी हुई इमारत अर्थात बिल्ट-अप कारपेट एरिया के आधार पर तय किया जाएगा।

सीबीएसई के अनुसार, बोर्ड को स्कूलों और अन्य हितधारकों से लगातार यह सुझाव मिल रहे थे कि कई क्षेत्रों में जमीन की उपलब्धता बहुत कम है। इस कारण स्कूलों को नए छात्रों के प्रवेश के दबाव में भी अतिरिक्त सेक्शन शुरू करने में परेशानी होती है, क्योंकि मौजूदा नियमों में भूमि के आकार के अनुसार ही सेक्शन की सीमा तय होती है। कई बार स्कूलों के लिए 1:40 के छात्र-सेक्शन अनुपात को बनाए रखना भी मुश्किल हो जाता है, जबकि नए दाखिलों की मांग लगातार बनी रहती है। ऐसे में सीबीएसई ने यह निर्णय लिया है कि अब स्कूलों को अधिकतम सेक्शन की अनुमति उनके स्कूल भवन के कुल बने हुए क्षेत्र (कारपेट एरिया) के आधार पर दी जाएगी।

इस बिल्ट-अप एरिया का सत्यापन स्थानीय निकाय या किसी लाइसेंस प्राप्त आर्किटेक्ट से करवाना अनिवार्य होगा। वहीं, जमीन के क्षेत्रफल का उपयोग केवल स्कूल की श्रेणी तय करने में किया जाएगा, जैसे कि ब्रांच स्कूल, मिडिल लेवल स्कूल, सेकेंडरी या सीनियर सेकेंडरी स्कूल।

**स्कूलों की मान्यता संबद्धता शर्तों में किया गया परिवर्तन**




#### मिल सकेगी सेक्शन बढ़ाने की अनुमति

नए नियमों के तहत, स्कूलों को अब सेकेंडरी (कक्षा 9-10) और सीनियर सेकेंडरी (कक्षा 11-12) स्तर पर बराबर संख्या में सेक्शन की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा, इन दोनों स्तरों पर अधिकतम सेक्शन की संख्या को स्कूल में बालवाटिका से लेकर कक्षा 10 और 12 तक संचालित सभी सेक्शन की कुल संख्या का एक-चौथाई हिस्सा मानते हुए तय किया जाएगा। यह बदलाव उन स्कूलों के लिए राहत लेकर आएगा जो सीमित जमीन में भी नए छात्रों को दाखिला देना चाहते हैं और पहले से तय सीमा के कारण ऐसा नहीं कर पाते थे। अब इमारत की वास्तविक उपयोगी जगह के आधार पर सेक्शन बढ़ाने की अनुमति मिलेगी। छग निजी स्कूल संघ के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के स्कूलों को इससे राहत मिलेगी, क्योंकि जमीन की कीमतें यहां निरंतर बढ़ रही है।

## बैज बोले- अपनी विफलताओं को छिपाने भाजपा सरकार ने ननों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो गई है। अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए साय सरकार ने दो ननों को गिरफ्तार किया है। छत्तीसगढ़ की जल, जंगल, जमीन, खनिज संपदाओं की सरकार प्रायोजित लूट से सारा प्रदेश विशेषकर आदिवासी बहुल इलाकों और वन क्षेत्रों में सरकार के खिलाफ आक्रोश है। इन मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए सरकार ने षड्यंत्र पूर्वक ननों को गिरफ्तार किया है। भाजपा सरकार ने बजरंग दल और आरएसएस के एजेंडे के तहत ननों को बिना किसी ठोस कारण के गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ननों की गिरफ्तारी के पहले किसी प्रकार की जांच पड़ताल नहीं की। बजरंग दल के लोग स्टेशन पर ननों के साथ मारपीट करके हुड़दंग किया और सरकार ने आनन फानन में बिना जांच के तथ्यहीन आरोपों के आधार पर ननों को गिरफ्तार कर लिया।



श्री बैज ने कहा कि ननों पर तीन महिलाओं के धर्मांतरण का आरोप एवं मानव तस्करी का आरोप लगाया गया है, जबकि हकीकत यह है कि ये ननें जिन तीन महिलाओं को लेकर जा रही थी वे सभी बालिग हैं तथा अपने परिजनों की सहमति से नौकरी के लिए जा रही थीं। जिन तीन महिलाओं को ननों के साथ पकड़ा गया था उनमें से एक ने मीडिया के सामने आकर बयान दिया कि बजरंग दल के लोगों ने मारा-पीटा और धमकाया। हम लोग स्वेच्छा से नौकरी के लिए जा रहे थे। महिला ने यह भी बताया कि बजरंग दल के लोगों ने इन आदिवासी महिलाओं के साथ मार पीट भी की थी। एक तरफ भाजपा सरकार महिलाओं को रोजगार नहीं दे पा रही, महिलाएं रोजी-रोटी की तलाश में पलायन कर रही है। दूसरी तरफ स्वेच्छा से नौकरी के लिए बाहर जाने वाली महिलाओं को प्रताड़ित किया जा रहा, उनकी मदद करने वालों पर झूठे आरोप लगाकर राजनीति की जा रही है।

### हर साल होती है दर्जनों वन्यजीवों की मौत, कैंपा से राशि मंजूर

# अंधे कुंओं में गिर रहे वन्यजीव, बचाने साढ़े तीन करोड़ का कवर लगाएगा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

अंधे कुओं में गिरने से हर साल वन्यजीवों की मौतें होती हैं। खुले कुंओं को जाली से ढकने पांच साल से ज्यादा समय से मांग की जा रही थी। बावजूद इसके वन विभाग के अफसर इस पर ध्यान नहीं दे रहे थे। वनबल प्रमुख तथा पीसीसीएफ वी. श्रीनिवास राव ने इसे गंभीरता से लेते हुए अंधे कुओं की बाउंड्री बढ़ाने के साथ ही ऊपर से कवर करने कार्योजना बनाने दिशा निर्देश दिए। वनबल प्रमुख के निर्देश पर राज्य के 16 वनमंडलों के 1068 कुओं की पहचान की गई, जहां वन्यजीव विचरण करते हैं। इन कुंओं की बाउंड्री की ऊंचाई बढ़ाने तथा जाली लगाने कैंपा मद से 3 करोड़ 45 लाख 22 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

वनबल प्रमुख के अनुसार पूर्व में पानी की तलाश में वन्यजीवों की खुले कुंओं में गिरने की सर्वाधिक घटनाएं कांकेर वनमंडल में होती थीं। कांकेर वनमंडल में वनक्षेत्र से सटे इलाकों के खुले कुंओं में जाली लगाने का काम किया गया। इसके बाद से कांकेर वनमंडल में वन्यजीवों की खुले कुंओं में गिरने की घटनाएं काफी हद तक कम हुई हैं। कांकेर में वन्यजीवों की खुले कुओं में गिरने की घटना कम होने की वजह से पूरे प्रदेश के खुले कुंओं की बाउंड्री की ऊंचाई बढ़ाने के साथ ऊपर जाली लगाने निर्देश दिए गए हैं।

**16 वन मंडल के 1068 खुले कुंओं को जाली से ढंका जाएगा**



*हाथी के बच्चे तक गिर जाते हैं कुंए में*

*सरगुजा वनमंडल में हर साल गर्मी के साथ सामान्य दिनों में हाथी शावक खुले कुंए में गिर जाते हैं। ऐसे में हाथी शावक को रेस्क्यू करने वन विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। हाथी शावक के कुंए में गिरने की स्थिति में कुंए के आसपास के क्षेत्र को हाथियों के झुंड घेर लेते हैं। हाथी शावक को कुंए से निकालने झुंड के अलग होने का इंतजार करना पड़ता है। झुंड के हटने के बाद ही शावक को कुंए से निकाला जा सकता है।*

*हम वर्षों से मांग कर रहे थे*

*खुले कुंओं को ढकने की हम वर्षों से मांग कर रहे थे। वन विभाग के इस कदम का हम स्वागत करते हैं। हमारे द्वारा वर्ष 2021 में छत्तीसगढ़ में वन क्षेत्र में वन्यजीवों की खुले कुंओं में वन्यजीवों के गिरने की घटनाओं की जानकारी केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संज्ञान में लाई थी, जिसके बाद भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ वन विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। हमारी मांग पर केंद्र सरकार ने 2022 में देश के सभी मुख्य वन्य जीव संरक्षकों को ऐसे खुले कुंए ढकने के आदेश जारी किये थे।*

*- नितिन सिंघवी, वन्यजीव प्रेमी*

#### इन वनमंडलों के खुले कुंओं में जाली लगाया जाएगा

*जिन वनमंडलों में खुले कुंओं की बाउंड्री की ऊंचाई बढ़ाने के साथ जाली लगाने का काम किया जाएगा उन वनमंजलों में बस्तर, गरियाबंद, बलौदाबाजार, महासमुंद, धरमजयगढ़, कटघोरा, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कांकेर, पश्चिम भानुप्रतापुर, दक्षिण कोण्डागांव, कोरिया, मनेंद्रगढ़, सूरजपुर, जशपुर, सरगुजा, बालोद वनमंडल के साथ वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में कांगेर वैली नेशनल पार्क, गोमर्डा अभयारण्य, बारनवापारा के नाम शामिल हैं।*

#### गर्मी में ज्यादा होती हैं घटनाएं

खुले कुंओं में वन्यजीवों की गिरने की सर्वाधिक घटनाएं गर्मी में देखने को मिलती हैं। गर्मी के सीजन में वन्यजीव पानी की तलाश में वनक्षेत्र से सटे गांव में पानी की तलाश में पहुंचते हैं और कुंए में गिर जाते हैं। किसी की नजर नहीं पड़ने पर वन्यजीवों की पानी में डूबने से मौत हो जाती है। खुले कुंए में गिरने की सर्वाधिक घटनाएं कांकेर के साथ उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व तथा धमतरी वनमंडल के साथ सरगुजा वनमंडल में होती हैं।

## डेढ़ महीने हो गए स्कूल खुले अब तक स्कूली बच्चों को किताबें नहीं मिलीं : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार प्रमुख सुशीला आनंद शुक्ला ने कहा, डेढ़ माह हो चुके हैं स्कूल खुले, लेकिन अब तक यह सरकार बच्चों को किताब वितरित नहीं कर पाई है। इस सरकार के सरकारी सिस्टम में खामियों की सजा पूरे प्रदेश के बच्चे और शिक्षक भोगने मजबूर हैं। किताबें गोदाम में पड़ी खराब हो रही हैं और बच्चों के स्कूल बैग खाली हैं। स्कूलों में किताबों का पीडीएफ भेजा गया है, पीडीएफ से पढ़ा पाना शिक्षकों के लिए संभव नहीं है। भाजपा सरकार का फोकस शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने बिल्कुल नहीं है, यही कारण है कि अब तक बच्चों को ना किताब मिल पाया है, न गणवेश, साइकिल वितरण योजना तो इस सरकार में पूरी तरह से बंद हो गया है।



- भाजपा सरकार का फोकस शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने बिल्कुल नहीं है, यही कारण है कि अब तक बच्चों को न किताबें मिल पाई हैं, न गणवेश

श्री शुक्ला ने कहा है कि बिना अपनी व्यवस्था सुधारे यह सरकार नए-नए तुगलकी प्रयोग करती है। क्यूआर कोड स्कैन करने का बहाना बनाकर किताब वितरण का काम रोक दिया गया है। तिमाही परीक्षा का समय आ चुका है लेकिन पाठ्य पुस्तक का वितरण अब तक छात्रों को नहीं किया जा सका है।

## रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ को रेल सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर सूचित किया है कि रायपुर-जबलपुर नई एक्सप्रेस ट्रेन को 3 अगस्त 2025 को हरी झंडी दिखाई जाएगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि भारत सरकार छत्तीसगढ़ में रेलवे सेवाओं और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वर्तमान में राज्य में 44,657 करोड़ की लागत से विभिन्न रेलवे परियोजनाएं प्रगति पर हैं। वर्ष 2025 के बजट में छत्तीसगढ़ को रिकॉर्ड 6,925 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। छत्तीसगढ़ के 32 रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है, जिनमें से 5 स्टेशनों का हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में दो वंदे भारत ट्रेनों का संचालन भी पहले से जारी है, जो 'मेक इन इंडिया' पहल का उदाहरण हैं।



- रेल मंत्री ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दी जानकारी

#### सीजी एमपी के बीच आवागमन आसान

रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन न केवल छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच आवागमन को आसान बनाएगी, बल्कि इससे व्यापार, पर्यटन और सामाजिक संपर्क को भी नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में रेल नेटवर्क का विस्तार तेजी से हो रहा है, जिससे जनता को सुविधाजनक और आधुनिक रेल सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

## फसल बीमा की अवधि बढ़ी, अऋणी के लिए 14, ऋणी के लिए 30 तक समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के उन किसानों के लिए ये खबर काम की है, जिन्होंने 31 जुलाई तक अपनी फसल का बीमा नहीं करवाया है। दरअसल सरकार ने अब बीमा के लिए अवधि बढ़ा दी है। बताया गया है कि अऋणी किसानों के लिए अब 14 अगस्त तक का समय दिया गया है, जबकि ऋण लेने वाले किसानों को 30 अगस्त तक बीमा कराने का समय दिया गया है।

राज्य में मानसून सीजन में अधिकतर किसान धान की फसल लेते हैं। इनके अलावा बाकी किसान अन्य फसल लेतें हैं। जो किसान अपनी फसल के लिए सहकारी सोसाइटियों से ऋण लेते हैं उन्हें ऋणी किसान कहा जाता है। इस तरह के किसान जब सोसाइटी से ऋण लेते हैं तो उनका बीमा वहां कर लिया जाता है। इसके अलावा वो किसान को किसी सोसाइटी से ऋण नहीं लेते है उन्हे अऋणी किसान कहा जाता है। अऋणी किसानों को अगर फसल का बीमा करवाना होता है तो उन्हें अलग से बीमा करवाना होता है।



- ऋणी किसान चाहें तो बीमा से इन्कार कर सकते हैं
- कर्ज न लेने वालों के लिए कोई बाध्यता नहीं

#### बीमा करवाने के लिए जोर नहीं

राज्य में फसल बीमा के संबंध में केवल ऋणी किसानों के लिए ये बाध्यता है कि उनका बीमा स्वतः हो जाता है, लेकिन इन किसानों को बीमा करवाने की बाध्यता नहीं है। बताया गया है कि इस संबंध में प्रावधान ये है कि ऋणी किसान अगर बीमा नहीं करवाना चाहता है तो उसे बीमा अवधि समाप्त होने के सात दिन पहले लिखित में देना होता है कि वह बीमा नहीं चाहता है। यह मामला किसान से सहमति लेने से संबंधित है। सहमति देने वाले किसानों के पास ओटीपी भी भेजा जाता है, जिससे सहमति न देने की पुष्टि हो जाती है। इस प्रक्रिया के बाद किसानों का बीमा नहीं किया जाता है।

## कांग्रेस ने फूंका पुतला, जताया विरोध किया प्रदर्शन, पुलिस से झूमाझटकी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केरल की ननों की गिरफ्तारी के विरोध में शहर जिला कांग्रेस ने शुक्रवार को राजधानी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम, गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया। इसमें छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सहप्रभारी जरिता लैतफलांग और केरल की सांसद जेबी मैथर भी शामिल हुई।

पुतला दहन के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ जम झूमाझटकी भी हुई। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सहप्रभारी जरिता लैतफलांग ने कहा, छत्तीसगढ़ में न्याय प्रशासन बिल्कुल ठप हो गया है। प्रशासन के सामने ही बजरंग दल के लोग महिला नन को धमका रहे थे।

- केरल की ननों की गिरफ्तारी का विरोध

जरिता लैतफलांग ने कहा, सबसे ज्यादा मानव तस्करी तो जशपुर में होती है। जशपुर का नाम बदलकर तस्करपुर रख देना चाहिए। जैसे रायपुर का नाम बदलकर चाकूपुर हो गया है। जशपुर की छोटी छोटी बच्चियों को जिस्मफरोशी के लिए बेचा जाता है।

#### ऐसे आरोपों पर विश्वास नहीं

दुख की बात है हम महिलाओं को आगे बढ़ाने की बात करते हैं पर उनकी तस्करी की जाती है। केरल की कांग्रेस सांसद जेबी मैथर ने कहा, सिस्टर गरीबों के लिए मरीजों की सेवा के लिए पूरा जीवन दे देती हैं। ऐसी सिस्टर को जेल में डाला गया, हम चाहते हैं उनके साथ न्याय हो। मिशनरियों ने जनसेवा के लिए पूरे देश में शानदार काम किया है। ऐसे नन की गिरफ्तारी कर ली गई, बजरंग दल के इशारे में सरकार काम करती है। मानव तस्करी के आरोपों को लेकर सांसद जेबी मैथर ने कहा, हम ऐसे आरोपों पर विश्वास नहीं करते, दोनों मामलों को नहीं जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, भाजपा केरल में जाकर क्रिश्चियन को केक देती है यहां गिरफ्तार करती है। भाजपा की तरह कांग्रेस के दो चेहरे नहीं हैं।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में 'छत्तीसगढ़ सोलर कॉन्क्लेव' का भव्य आयोजन




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में नई संभावनाओं को गति देने के उद्देश्य से शुक्रवार को रायपुर में 'छत्तीसगढ़ सोलर कॉन्क्लेव' का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा टाटा पॉवर, जिंदल स्टील लिमिटेड और बीएसपी एंक्सिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर प्रदेश और देशभर के ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख विशेषज्ञ, उद्यमी और नीति-निर्माता एकत्र हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन पीएचडीसीसीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के चेयरमैन प्रदीप टंडन ने किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा की विशाल संभावनाएं हैं और हमें इसे न केवल बड़े स्तर पर, बल्कि घरों और छोटे उद्योगों तक भी पहुंचाना चाहिए। वहीं बीएसपी एंक्सिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दास गुप्ता ने राज्य की भौगोलिक और प्राकृतिक स्थिति को अक्षय ऊर्जा के लिए अनुकूल बताया और निवेश को बढ़ावा देने की बात कही।

### मैट्स यूनिवर्सिटी में नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर जागरूकता कार्यशाला



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकना और उन्हें इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराना था। कार्यशाला के मुख्य अतिथि समीर वानखेड़े थे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. (डॉ.) केपी यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया तथा रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा ने की। सभी प्रमुख पदाधिकारियों ने छात्रों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी और कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

## हिंदू जनजागृति समिति के लेटरपैड से कृषि मंत्री के नाम पर फर्जी शिकायत, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राखी थाने में एक कारोबारी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ कृषि मंत्री रामविचार नेताम की छवि खराब करने पीएमओ सहित देश के अलग-अलग राज्यों के वरिष्ठ मंत्रियों के साथ मीडिया संस्थानों में झूठी शिकायत डाक द्वारा पोस्ट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

राहुल हरितवाल ने कृषि मंत्री के खिलाफ झूठी शिकायत पोस्ट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राहुल ने पुलिस को बताया कि हिंदू जनजागृति समिति महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ के समन्वयक सुनील धनवट के लेटरपैड पर फर्जी हस्ताक्षर कर कृषि मंत्री के खिलाफ 25 अप्रैल को शिकायत की गई है। सुनील के लैटरपेड से शिकायत दर्ज कराने की बात सामने आने पर राहुल ने सुनील से संपर्क किया तो उसने कृषि मंत्री के खिलाफ किसी भी तरह से कोई शिकायत दर्ज कराने की बात से इंकार किया। इसके बाद सुनील ने पुणे कमिश्नर के पास लेटरपैड का गलत इस्तेमाल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। रायपुर आने पर सुनील धनवट ने राखी थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

*कोरबा से पोस्ट की गई शिकायत*

*राहुल के अनुसार सुनील धनवट द्वारा किसी भी तरह की शिकायत करने की बात करने से इंकार करने पर राहुल ने डाक से मिले शिकायत पत्र की पड़ताल की। तब पड़ताल में पता चला की उक्त शिकायत कोरबा के उप डाकघर हसदेव से पोस्ट की गई है। हसदेव जाकर राहुल ने शिकायत पोस्ट करने वालों की जानकारी जुटाई तो उसे पता चला की एक बाइक पर आए दो युवकों ने 80-90 लेटर पोस्ट किए हैं।*



02

शिव प्रसंगों की जीवंत झांकी, कपल ....

लाइव इवेंट

## रसिक कहानी के वाचन और रंग-संगीत की जीवंत प्रस्तुति से नाट्य प्रेमी हुए मंत्रमुग्ध



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसाइटी द्वारा स्थानीय रंग संस्थाओं के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय नाट्य महोत्सव के दूसरे दिन रसिक कहानी का वाचन और रंग-संगीत की प्रस्तुति हुई। नाट्य निर्देशक हीरा मानिकपुरी ने रंगमंच पर रसिक कहानी का वाचन करते हुए कहानी के पात्रों, घटनाओं और भावनाओं को श्रोताओं के समक्ष जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। मुंशी प्रेमचंद रचित रसिक कहानी का वाचन करते हुए निर्देशक ने कहानी के लहजे और गति पर संतुलन साधते हुए मंच पर समां बांधा। रसिक कहानी का वाचन करते हुए निर्देशक ने खुद को आनंद लेने वाला, रसिया या प्रेमी के रूप में बखूबी प्रस्तुत किया। कहानी में रसिक शब्द का उपयोग एक ऐसे व्यक्ति के रूप में किया गया, जो जीवन के विभिन्न पहलुओं में आनंद और रस ढूंढता है। कहानी में रंग-संगीत का उपयोग विभिन्न भावनाओं, वातावरण और पात्रों को व्यक्त करने के लिए प्रस्तुत किया गया। मुंशी प्रेमचंद की कहानी रसिक संपादक में, रंग का उपयोग कहानी के व्यंग्यात्मक लहजे को व्यक्त करने के लिए किया गया। कुल मिलाकर यह कहें कि रसिक कहानी का वाचन और रंग-संगीत कहानी को अधिक आकर्षक तथा प्रभावशाली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा गया। नाट्य महोत्सव में रसिक कहानी का वाचन और उसके रंग-संगीत की रंगमंच पर प्रस्तुति देखने बड़ी संख्या में नाट्य प्रेमी पहुंचे थे।

### कहानी में पूरी तरह से खो गए श्रोता



रसिक के वाचन व रंग-संगीत ने कहानी को अधिक आकर्षक और प्रभावशाली बनाया। श्रोता कहानी के पात्रों, घटनाओं और भावनाओं की जीवंत प्रस्तुति में खो गए। कहानी के लहजे और गति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कहानी के माहौल को बनाने, पात्रों की भावनाओं को व्यक्त करने और कहानी के अर्थ को श्रोताओं के मन को भीतर तक छू लिया। कहानी में रंग-संगीत व वाचन ने नाट्य प्रेमियों को एक नया अहसास कराया।



# भूख में बीता थिएटर का सफर, ढाई रुपए मिलता था मेहनताना, वही थे जिंदगी के खूबसूरत दिन

## पंचायत वेब सीरीज के प्रधान एक्टर रघुवीर यादव और कुमुद मिश्रा ने रंगमंच की सिखाईं बारीकियां

**एक्टिंग की पाठशाला में नए कलाकारों को ट्रेंड करने शुक्रवार को पंचायत सीरीज के प्रधान एक्टर रघुवीर यादव और कुमुद मिश्रा राजधानी रायपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रंगकर्मियों से अपने अनुभवों से रंगमंच, सिनेमा, टीवी प्लेटफार्म में स्थापित करने की चुनौतियां पर चर्चा की। एक्टर रघुवीर यादव ने कहा कि सबसे पहले तो नकल करना छोड़िए। कुदरत ने सभी को हुनर दिया है। पहचानना हमी को है। इधर-उधर देखकर हम उसी के तरफ बढ़ने लगते हैं। खूबी को और निखारने पर ध्यान दें। वक्त जाया मत करिए। थिएटर यही सिखाता है।**

**रायपुर।** युवाओं से कहा कि निखरना है तो पहले बाहर नहीं, अपने आप को देखना होगा। अपने अंदर झांकिए, आपक खूबी क्या है। म्यूजिक या डायरेक्शन, किसमें आपको मजा आता है। अपने काम को लेकर कहा कि तारीफों से जिम्मेदारी बढ़ती है। कोशिश है कि ईमानदारी से अपना काम करता रहूं। बता दें कि दोनों अभिनेता गोल्डन फ्रेम एकेडमी ऑफ फिल्म आर्ट्स के तत्वावधान में आयोजित 90 दिवसीय राष्ट्रीय रंगमंच कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में शिरकत करने राजधानी पहुंचे थे।

### गांव में थिएटर करने मिलते थे 2 रुपए 50 पैसे

एक्टर बनना कभी आसान नहीं होता। जब कोई इस रास्ते पर कदम रखता है तो तकलीफें शुरू हो जाती हैं, लेकिन वहीं से असली अनुभव मिलते हैं। मैंने थिएटर के दिन खानाबदोश की तरह बिताए, गांव-गांव घूमकर मंच पर अभिनय किया। उस समय हमें मेहनताना सिर्फ 2 रुपए 50 पैसे मिलता था और कई बार पूरे दिन भूखे रहते थे, लेकिन आज जब पीछे मुड़कर देखता हूं तो वही दिन सबसे खूबसूरत लगते हैं। अगर कोई कहे कि तुम्हें भूखा रहना पड़ेगा, लेकिन सीखने मिलेगा तो मैं तुरंत तैयार हो जाऊंगा। मेरे लिए सीखना सबसे जरूरी है, भूख नहीं।

### पारंपरिक व्यंजनों का लिया स्वाद

फिल्म अभिनेता कुमुद मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति के बारे में जानने की कोशिश कर रहा हूं। उन्होंने गढ़कलेवा में तैयार पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्वाद की तारीफ की। कार्यक्रम में युवाओं को रंगमंच के महत्व और एक्टिंग को बेहतर करने महत्वपूर्ण टिप्स दिए।





### छत्तीसगढ़ को जानना है तो 4 महीने यहां घूमिए

अभिनेता रघुवीर यादव ने युवाओं को छत्तीसगढ़ की गहराई से पहचान बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा, "अगर सच में छत्तीसगढ़ को समझना है तो कम से कम चार महीने यहां बिताइए, गांव-गांव घूमिए, लोगों से मिलिए, यहां की मिट्टी, बोली और आत्मा को महसूस कीजिए। उसके बाद जब आप कुछ लिखेंगे या रचेंगे तो उसमें असल भाव होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आज हम अपनी जड़ों से कटते जा रहे हैं और यही सबसे बड़ी चिंता की बात है। बाहर की फिल्मों को देखकर उनकी नकल करना बंद कीजिए, वरना वहीं अटक जाएंगे। कुछ मौलिक सोचिए, यहीं की बात कीजिए, तभी आप अलग दिखेंगे।

### एक्टर को जिम्मेदारी अधिक होती है

एक्टर रघुवीर यादव ने पाठशाला में कहा कि एक्टर को तो जिम्मेदारी ज्यादा होती है। उसे म्यूजिक भी आना चाहिए, तबला बजाना आना चाहिए। उसके पास तो सोने का वक्त नहीं होना चाहिए। वक्त का इस्तेमाल करिए, देखो कौन रोककर दिखाता है। उन्होंने कहा कि मैं स्ट्रगल को नहीं मानता हूं। बिल्कुल देहात की जगह से हूं, जहां स्कूल भी नहीं था, मेरे नानाजी ने स्कूल बनवाया। बैलगाड़ी चलाया करता था। नियम मायने रखते हैं। मेहनत को स्ट्रगल कहते हैं तो जीवनभर स्ट्रगल करते रहिए। मेहनत करिए, सीखिए। सितार या तबला बजाने वाला भी दिन-रात लगा रहता है, तभी उनकी प्रतिभा निखरती है।

## स्कूली छात्राओं ने अपने हाथों से बनाईं सुंदर राखियां, लिफाफे में पैक कर जवानों को भेजेंगी

**रायपुर।** राखी का त्योहर 9 अगस्त को पूरे देश में मनाया जाएगा। ऐसे में महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय की बच्चियों ने अपने हाथों से सुंदर राखियां बनाईं, जिन्हें सरहद पर तैनात जवानों को भेजा जाएगा। सभी बच्चियों ने राखी के साथ शुभकामना संदेश भी दिया है। स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि अपने हाथों से राखी बनाने को लेकर बच्चियों में खासा उत्साह देखा गया। सभी बच्चियों का कहना है कि जवान भाई घर नहीं आ सकते, परंतु हमारी बनाई राखियां तो उन तक पहुंच सकती हैं। उन्होंने बताया, इस तरह से किसी भी भाई की कलाई सूनी नहीं रहेगी।



### राखी बनाने घर से लाई सामग्री

स्कूल की शिक्षिका सुदेवी विश्वास और अपर्णा आठले के मार्गदर्शन में पहली से पांचवीं कक्षा तक की बच्चियों ने ढेर सारी राखियां बनाईं। राखी बनाने के लिए बच्चे घर से रेशम, मोती, फेवीकॉल, स्टार के साथ सजावट की कई सामग्री लेकर आए थे और स्कूल में राखियां बनाईं। इस छोटी-सी एक्टिविटीज में उन्होंने तरह-तरह की आकर्षक रंगबिरंगी राखियां बनाईं। सभी ने ग्रुप में बैठकर राखियां तैयार कीं। उन्होंने एक्टिविटीज में राखियां बनाने के साथ अपना नाम और पता लिखकर लिफाफे में पैक किया। स्कूल शिक्षिका आराधना लाल ने बताया कि जल्द ही ये राखियां देश के जवानों के लिए सेना मुख्यालय भेजी जाएंगी।

## हरेली महोत्सव में बच्चों ने सीखी छत्तीसगढ़ी परंपराएं, गेड़ी दौड़ और भौंरा भी चलाया

**रायपुर।** बोरियाखुर्द स्थित वेदाचार्य स्कूल में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार हरेली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को छत्तीसगढ़ के पहले पर्व हरेली की जानकारी दी गई तथा इसके धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की थीम पूरी तरह हरेली पर्व पर आधारित थी। बच्चों ने पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ गेड़ी दौड़, बाटी, भौंरा, बिल्लस जैसे छत्तीसगढ़ी लोक खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता व लोकगीतों पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिससे बच्चों में सांस्कृतिक चेतना और



पारंपरिक उत्सुकता और भी प्रबल हुई। विद्यालय प्रमुख किशोर सिन्हा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति और खेलों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में अपनी जड़ों को समझने और संजोने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर मंजू परिहार, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

सिटी लाइव

## प्लास्टिक की जगह लकड़ी, धातु और कागज का प्रयोग, पर्यावरण थीम पर आजादी का जश्न





**रायपुर।** आजादी के महापर्व की तैयारी बाजार में तेज हो गई है। इस उत्सव की तैयारी के लिए बाजार में ग्राहकी भी बढ़ने लगी है। इस साल कई ऐसी चीजें लोगों को बाजार में मिलने वाली है, जो पहले देखने को नहीं मिलती थीं। दुकानों में स्वतंत्रता दिवस के इस पर्व को प्लास्टिक मुक्त करने के लिहाज से लोग सामान सजा रहे हैं। मेटल का हवाई जहाज ही नहीं, अशोक चक्र, शांति का कबूतर भी बैच के रूप में दिलों के पास सजने वाला है। घर, ऑफिस और कारों में लोग फाइबर से तैयार किया गया तिरंगा चक्र लगाने के लिए खरीद सकेंगे। इसे खरीदने के लिए इस बार फैंसी स्टोर्स के संचालन भी बल्क में आर्डर करने शहर के गोलबाजार में पहुंचने लगे हैं। इनमें से अधिकतर वस्तुएं मुंबई से मंगाई गई है।

### कलाई पर आकर्षक बैंड बांध सकेंगे

दुकानदारों ने बताया कि इस सीजन में मुंबई से खास तरीके से डिजाइन किए गए बैच मंगाए हैं। इनकी कीमत 30 से 50 रुपए प्रति नग है। इससे लोग खरीदने में रुचि ले रहे हैं। मेटल वर्क वाले बैच को संभाल कर रख सकते हैं, यानी इसे लोग जहां-तहां नहीं फेकेंगे। एक बार खरीदने के बाद कई साल तक इसका इस्तेमाल खास मौके पर कर सकेंगे। आजादी के उत्सव को लोग रिस्ट बैंड बांधकर भी खास बना सकेंगे। इसके लिए कई तरह की डिजाइनर्स रिस्ट बैंड को कपड़े का उपयोग करके तैयार किया गया है। कारोबारियों ने बताया कि इस बार भी ब्रास व मेटल के साथ ही कपड़े की मदद से देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित करते टेबल में रखने खास तरह के स्टैंड डिजाइन किए गए हैं।

### स्कूली बच्चों के लिए कई वैरायटी

अधिकतर सामग्री स्कूली बच्चों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, क्योंकि इनकी सर्वाधिक खरीदी पढ़ने ही करते है। कई स्कूलों ने खास तरह की सामग्री के लिए अभी से ऑर्डर दिए हैं। व्यापारियों द्वारा पर्यावरण का विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। प्लास्टिक से बनी वस्तुओं की जगह लकड़ी, मेटल और काजल से बनी चीजों को प्राथमिकता दी जा रही है। होल सेलर एके जैन ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने के लिए प्लास्टिक से तैयार सामग्री रखने से बच रहे हैं। पहले प्लास्टिक वर्क वाले तिरंगा बैच ही बिकते थे।

कार्नर न्यूज

### 3 अगस्त को गुढ़ियारी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी कांवड़ यात्रा

## विशाल कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों पर होगी पुष्पवर्षा, सात नदियों के जल से करेंगे भगवान भोलेनाथ का अभिषेक

**रायपुर।** सावन के अंतिम सोमवार से पहले रविवार को पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन प्रतिवर्ष अनुसार किया गया है। प्रेसवार्ता में विधायक श्री मूणत ने आयोजन को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कांवड़ यात्रा राजनीति से नहीं, भक्ति से जुड़ी है। सभी सनातन के मानने वाले इस कांवड़ यात्रा में आमंत्रित हैं। सनातन प्रेमी गुढ़ियारी हनुमान मंदिर से कांवड़ लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर नाथ महादेव का जलाभिषेक करेंगे। उक्त कांवड़ में 7 अलग-अलग नदियों का पवित्र जल होगा। हजारों की संख्या में लोग इसमें शामिल होंगे।

**विधायक मूणत के नेतृत्व में आयोजन शिवमय होगी राजधानी**



### सीएम-स्पीकर समेत सभी प्रमुख नेता रहेंगे मौजूद

कांवड़ यात्रा में बतौर अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर जिले के सभी विधायक व अन्य सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं सहित अन्य दलों के नेताओं, सामाजिक संस्थाओं और सनातन धर्म के प्रमुख साधु-संतों, महात्माओं की उपस्थिति रहेगी।

### कांवड़ यात्रा का मार्ग

*कांवड़ यात्रा का शुभारंभ प्रातः 9.30 बजे गुढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर से किया जाएगा, जहां से यात्रा प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग गुढ़ियारी से होते हुए पड़ाव, शुक्रवारी बाजार, खालबाड़ा, रामनगर से ओवरब्रिज तेलघानी नाका से अग्रसेन चौक मार्ग होते हुए आमापारा, लाखेनगर, अश्वनी नगर मुख्य मार्ग से बाबा हाटकेश्वर नाथ मंदिर पहुंचकर शिवभक्त जल अर्पित करेंगे, जहां अलग-अलग स्थानों पर पुष्पवर्षा, आतिशबाजी और कुल लगभग 101 स्थानों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा श्रीगणेश एवं दुर्गा समितियों, विभिन्न राजनीतिक नेताओं द्वारा मंच लगाकर कांवड़ यात्रा का स्वागत किया जाएगा।*

### विभिन्न राज्यों की झांकी और कलाकारों की प्रस्तुति

*सर्वप्रथम महामंडलेश्वर श्री कान्हा महराज द्वारा महामृत्युंजय पार्थिव शिवलिंग का पूजन 7 नदियों के पवित्र जल से किया जाएगा। स्थानीय लोक कलाकारों के अलावा अन्य प्रदेशों के कलाकारों को भी अपनी प्रस्तुति देने निमंत्रित किया है। दिल्ली से पहली बार महाकाल अघोरी प्रस्तुति बड़े नंदी के साथ, केरला का ट्रेडिशन बैंड और केरला फ्लॉवर गर्ल्स की प्रस्तुति, कथक नृत्य केरला की प्रस्तुति, आरंग से हनुमानजी, जामवंतजी, परशुरामजी, भगवान श्रीगणेश सहित अन्य देवताओं की चलित झांकी रहेगी। इसके अलावा उज्जैन मध्यप्रदेश में बाबा महाकाल की सवारी में डमरू और ढोल बजाने वाली टीम, उत्तरप्रदेश से अघोरी नृत्य की प्रस्तुति देने वाली टीम, युवतियों द्वारा मां काली की जीवंत झांकी का प्रदर्शन। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध नृत्य कलाकारों जैसे आदिवासी नृत्य समेत प्रदेश के प्रमुख ढोल धुमाल पार्टी अपनी अपनी प्रस्तुति देंगे, जो कांवड़ यात्रा का मुख्य आकर्षण होगा।*

## सिटी इवेंट

# मुंशी प्रेमचंद कलम के जरिए आजादी की लड़ाई लड़ते रहे



**रायपुर।** स्मरण मुंशी प्रेमचंद कार्यक्रम अगासदिया परिसर में मुंशी प्रेमचंद जयंती पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद ही हैं, जिन्होंने कहा कि साहित्य राजनीति के आगे की मशाल है। उन्होंने आजादी के आन्दोलन में अपनी रचनाशीलता के माध्यम से भाग लेकर लेखकों का मान बढ़ाया। वे विश्व के महान साहित्यकार हैं। वे अनेक भाषाओं के जानकार और लोकजीवन के विशेषज्ञ थे। डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद भाषाओ के बीच पुल बनाने वाले साहित्यकार थे। वे हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी के विद्वान थे। गांव लमही में रहकर उन्होंने भारतीय गावों का ऐसा चित्रण किया कि हर प्रदेश का ग्रामीण उनकी कहानियों को अपनी कहानी मानता है।

### मुंशी प्रेमचंद की कहानियां हर उम्र और वर्ग के लिए

डीपी देशमुख ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद की कहानियां हर उम्र और वर्ग के लोगों के लिए है। वे ऐसे लेखक हैं जिनके समग्र साहित्य में हिन्दुस्तान के लोगों का दिल धड़कता है। वे यथार्थवादी कहानियों के महान कथाकार हैं। आज के समय में भी उनके द्वारा चित्रित गरीब उसी तरह शोषित है। समय बदला है समस्यायें यथावत हैं इसीलिए मुंशी प्रेमचंद को हमेशा प्रासंगिक माना जाता है। कलाकार विनायक अग्रवाल ने कहा कि प्रेमचंद की कथाओं पर गोदान और गबन जैसी फिल्में बनी। प्रेमचंद के गोदान पर सीरियल भी बना। इस अवसर पर मुनीलाल निषाद, महेश वर्मा, राजेन्द्र साहू, बद्रीप्रसाद पारकर, डामन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## राजधानी के प्रमुख आयोजकों ने शुरू की गणेश उत्सव की तैयारी, झांकी में होंगे धार्मिक प्रसंग

# शिव प्रसंगों की जीवंत झांकी, कपल थीम और ओपन स्टेज पर विराजेंगे 20 फीट ऊंचे गणेश

'इस साल भी गणेश उत्सव की धूम प्रमुख पंडालों में मचने वाली है। दर्शन के लिए पहुंचने वाले भक्तों को भगवान की कथाओं से जुड़ी झांकी देखने को मिलने वाली है। गुढ़ियारी में इसके लिए पंडाल निर्माण का काम भी जारी है। लाखेनगर में कपल थीम में आराध्य देव की स्थापना होगी। डिजाइन किए गए स्टेज पर कपल थीम में 18-18 फीट ऊंची दो मूर्तियों को सजाया जाएगा। इसे बनाने का काम मार्च 2024 से शुरू किया है। राठौर चौक की समिति ओपन स्टेज पर 20 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी में हैं।'



**रायपुर।** अगस्त के अंतिम सप्ताह से ही आस्था का पर्व गणेश उत्सव शुरु होने वाला है। इसके लिए कई आयोजकों ने तैयारी शुरू की है। इसको लेकर लगभग सभी समितियों से जुड़े लोगों का आमतौर पर अब शहर में पर्याप्त जगह का अभाव देखने को मिलने लगा है। इसके चलते शहर में बड़े पंडालों में प्रतिमा की भव्यता को ही प्राथमिकता दी जाने लगी है। इस बार झांकी में ही कुछ अलग तरह की जिवंत प्रतिमा देखने को मिलने वाली हैं। इसके बाद भी कॉलोनियों, बाजारों और बस्तियों में गणेश उत्सव की धूम इस साल भी मचने वाली है। इसकी एक झलक पाने के लिए लोग गणेश उत्सव के बीच परिवार के साथ हर दिन पंडालों में दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। इसके देखते हुए उत्सव का रूप देने की तैयारी शुरु हो गई है। श्री गुढ़ियारी गणेश उत्सव समिति के सदस्य घनश्याम देवांगन ने बताया कि इस बार भगवान गणेश की करीब 12 फीट ऊंची दिव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। अध्यक्ष मनोज राठी और प्रकाश माहेश्वरी की अगवानी में पंडाल का निर्माण दुर्ग के कारीगरों ने शुरू किया है।





### थ्रीडी बेस्ड 18 फीट की मूर्ति होगी आकर्षण का केंद्र

हर साल कुछ अलग करने के लिए चर्चित सिंधु युवा एकता गणेशोत्सव समिति ने व्यवस्थागत तैयारी भी शुरू की है। समिति से जुड़े शुभम वाधवानी ने बताया कि लाखेनगर के गणेश उत्सव पंडाल में लोगों को कुछ मिलेगा। गणेशजी की 18 फीट ऊंची दिव्य मूर्ति कपल थीम के साथ ही थ्रीडी बेस्ड किया है। इस स्वरूप की एक झलक पाने की ललक भक्तों में जरूर होगी। दुर्ग जिले के औंधी गांव के कलाकारों ने कपल बेस्ड 18-18 फीट की दो मूर्तियों को बनाने का काम तीन से चार महीने पहले ही शुरू किया था। करीब दो-दो टन दोनों मूर्तियों को वजन बताया जा रहा है।

### सुपाड़ी, जनेऊ, नारियल से इको फ्रेंडली गणेश


इस साल इको फ्रेडली व यूनिक गणेश प्रतिमा बनवाने के लिए दर्जनों लोगों ने 10 से 12 इंच की मूर्तियों के साथ ही एक से सात फीट ऊंची प्रतिमा बनवाने के लिए रायपुरा में यादव परिवार के पास पहुंच रहे हैं। इस बार छोटी समितियों के पंडालों में सुपाड़ी,जनेऊ और नारियल से निर्मित गणेश का लोग दर्शन करेंगे। मूर्तिकार शिवरतन यादव ने बताया कि इस साल एक से सात फीट ऊंची इको फ्रेडली प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। लाल, सफेद और काला चंदन से ही नहीं बल्कि बटन,धागे से आराध्य देव को स्वरुप दिया जा रहा है। धान के साथ पास्ता से भी आकर्षक प्रतिमा को निर्मित करवाने में लोग रुचि ले रहे हैं।

### ऊंचे ओपन स्टेज पर विराजेंगे आराध्य देव

हमेशा मूर्ति को आकर्षक स्वरूप के चलते चर्चा में रहने वाली राठौर चौक की 57 साल पुरानी गणेश उत्सव समिति ने इस बार मार्च 2024 से ही तैयारी शुरू की। समिति के सचिव यश राठौर ने बताया और समिति के संरक्षक आशु राठौर ने बताया कि सौ फीट ऊंचे ओपन स्टेज पर करीब 20 फीट ऊंची भगवान गणेशजी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसे दुर्ग के औंधी गांव के मूर्तिकार द्वारा निर्मित किया जा रहा है। इस बार भगवान का स्वरूप आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए जगह और भक्तों की सुविधा के लिहाज से व्यवस्था बनाने की तैयारी है।

## सिटी लाइव

# बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए अब फ्लाइंग आईसीयू एयर एंबुलेंस लॉन्चिंग की तैयारी



**रायपुर।** मध्यप्रदेश के बाद अब आईसीएटीटी छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवा की बेहतरी और ट्रामा केयर के लिए फ्लाइंग आईसीयू एयर एंबुलेंस की लॉन्चिंग की तैयारी में है। इसके लिए शासन के सामने प्रस्ताव रखा गया है। मध्यप्रदेश में हेलीकॉप्टर से आपातकालीन चिकित्सा सेवा के मॉडल को सिद्ध किया और अब छत्तीसगढ़ सरकार से अपनी सेवाओं को शुरू करने के लिए चर्चा कर रही है। शुक्रवार को प्रेस क्लब मोतीबाग में पत्रकारवार्ता में यह जानकारी आईसीएटीटी एयर एंबुलेंस सेवा के संस्थापक व निदेशक डॉ. राहुल सिंह सरदार और डॉ. शालिनी नलवड ने दी। उन्होंने बताया कि अमेरिका और यूरोपीय देशों में एयर एंबुलेंस टीमें ट्रॉमा देखभाल का एक अहम हिस्सा हैं।

### नवा रायपुर के मे-फेयर ग्राउंड में आज मॉक ड्रिल

उन्होंने आगे बताया कि इस प्रोजेक्ट को शुरू करने का प्रस्ताव सरकार के सामने रखने के साथ ही 2 अगस्त को सुबह 11 बजे नवा रायपुर के मे-फेयर ग्राउंड पर एक लाइव मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इसमें यह प्रदर्शित किया जाएगा कि ट्रॉमा देखभाल को 30 मिनट के भीतर किस तरह से प्रदान किया जा सकता है। इस सेवा को छत्तीसगढ़ में लेकर आ रही बेंगलुरु की एयर एंबुलेंस सेवा कंपनी ने राज्य सरकार के साथ चर्चा शुरू की है, ताकि राज्य में ट्रॉमा सेवाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवा लॉन्च की जा सके।

हंसकीर्ति श्रीजी ने धर्मरत्न प्रकरण ग्रंथ का वाचन करते हुए कहा

# सद्गुणों से संवरता है जीवन दुर्गुणों का होता है समापन



**रायपुर।** श्री जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी में आत्मोत्थान चातुर्मास के अंतर्गत आयोजित प्रवचनमाला में शुक्रवार को हंसकीर्ति श्रीजी ने धर्मरत्न प्रकरण ग्रंथ का वाचन करते हुए कहा, सद्गुणों से भरा हुआ व्यवहार न केवल जीवन को सुखद बनाता है, बल्कि जीवन में व्याप्त दुर्गुणों को भी धीरे-धीरे समाप्त कर देता है। उन्होंने विशेष रूप से क्रोध को जीवन का सबसे बड़ा अवरोध बताया और कहा कि इसका त्याग आत्मिक उन्नति के लिए आवश्यक है। प्रवचन के दौरान साध्वीश्री ने एक प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया। एक सेठजी, जो अत्यधिक क्रोधी स्वभाव के थे, भगवंत के पास पहुंचे और अपनी समस्या बताई। भगवंत ने सेठजी को समझाया कि क्रोध तभी नियंत्रण में आ सकता है, जब व्यक्ति पुण्य और संयम का अभ्यास करे। भगवंत ने उन्हें नियम दिया कि क्रोध आने पर उपवास करना होगा।सेठजी ने एक माह का नियम लिया और अपने व्यवहार में परिवर्तन लाना प्रारंभ किया। धीरे-धीरे उनके स्वभाव में सकारात्मक बदलाव आने लगे। परिवार के सदस्यों को भी उनके प्रेमपूर्ण और संयमित स्वभाव से सुखद आश्चर्य हुआ। एक घटना के दौरान जब बहू से घी गिर गया, तब सेठजी ने बिना नाराज हुए बहू से प्रेमपूर्वक कहा कि सफाई कर लो, कोई फिसल न जाए। इस व्यवहार से बहू अत्यंत प्रसन्न हुई और उनके प्रति स्नेह व्यक्त किया। सेठजी ने यह भी अनुभव किया कि क्रोध पर नियंत्रण रखने से घर का माहौल शांत और सुखद बनता है। हालांकि बेटे के द्वारा बताए गए एक व्यापारिक घाटे की खबर से उन्हें फिर क्रोध आया और उन्हें नियम के अनुसार उपवास करना पड़ा।

### गुणों को पहचानोगे तो आनंद में रहोगे

*टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में शुक्रवार को चातुर्मासिक प्रवचनमाला में उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि स्थूल दुनिया और सूक्ष्म दुनिया को समझना होगा। स्थूल दुनिया पूरा संसार बताने को तैयार है। सूक्ष्म दुनिया को देव, गुरु और धर्म ही बताएंगे। इसकी शक्ति को समझना होगा। जिज्ञासा पैदा करना होगा कि मैं कौन हूं। कैसा हूं, कहां से आया हूं, कहां जाना है। कैसे सच्चा सुख मिल सकता है। अंत में एक ही जवाब आएगा, मैं आत्मा ही हूं। इस आत्मा में अनंत गुण है और यही मेरे गुण हैं। इन्हीं गुणों को पहचानोगे तो आनंद में रहोगे। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि यदि श्रद्धा और समर्पण नहीं होगा तो कुछ संभव नहीं। जब किसी के प्रति प्रेम होने लगे तो श्रद्धा होने लगती है। जब किसी के प्रति मन समर्पित होने लगता है तो श्रद्धा होती है। जब किसी के वचनों को मानने के लिए मन प्रसन्नता के लिए राजी होता है तो श्रद्धा होती है। प्रेम, समर्पण और भावना की समझ आ जाए तो आप श्रद्धा को समझ जाएंगे। श्रद्धा को जीवन में उतारना ही लक्ष्य होना चाहिए।*

# झूलों में दिखेगी वृंदावन और खाटू श्याम मंदिर की झलक, नक्काशी और सजावट की भी मांग

**रायपुर।** जन्माष्टमी पर्व को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। बाजारों में भगवान श्रीकृष्ण के झूले, पालने और मंदिर सजावट के सामान की खरीदारी हो रही है। इनमें सबसे अधिक मांग झूलों और लकड़ी के पालनों की देखी जा रही है। रेडिमेड झूलों के साथ-साथ लोग अपने पसंद के अनुसार झूले और पालने ऑर्डर देकर बनवा रहे हैं। रामसागर मार्केट में पालना बनाने वाले कारीगरों ने बताया कि इस बार ग्राहकों की तैयारी महीनेभर पहले से शुरू हो चुकी है। कारीगर भोलेनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि लकड़ी के पालनों के ऑर्डर उन्हें एक महीने पहले से ही मिलने लगे थे। ग्राहक अपने घर की जगह, रंग पसंद और डिजाइन के अनुसार पालना बनवा रहे हैं। पालनों की कीमत 2000 रुपए से लेकर 10,000 रुपए तक है। कुछ विशेष ऑर्डर में नक्काशीदार लकड़ी, कांच और मंदिर स्टाइल की सजावट भी शामिल है, ताकि झूला मंदिर की सुंदरता को और निखारे। ग्राहक वृंदावन, खाटू श्याम मंदिर जैसी झलक अपने घर के मंदिरों में देखना चाह रहे हैं। इस मौके पर बाजार में नन्हे-कृष्ण के वस्त्र, मुकुट, बांसुरी, बांसुरीधारी प्रतिमाएं और मंदिर सज्जा सामग्री की भी अच्छी मांग देखी जा रही है।



### सोने की पॉलिश वाले झूले की मांग

ऊँ आकृति, डबल व सिंगल सिंहासन वाले झूले, सोने की पॉलिश वाले झूले, मंडला कला, घुमावदार डिजाइन और साधारण चौकोर झूले छोटे से लेकर बड़े आकार तक बाजार में उपलब्ध हैं। दुकानदार इरशाद मलिक ने बताया कि छोटे झूले 150 से 250 रुपए, मीडियम साइज के झूले 400 से 1000 रुपए, जबकि बड़े झूले 1000 से 2000 रुपए तक बिक रहे हैं। ग्राहक अपनी पसंद और बजट के अनुसार झूले खरीद रहे हैं। दुकान संचालक राज शर्मा ने बताया कि एक झूला बनाने में एक से डेढ़ दिन का समय लगता है। कई ग्राहक बिना रंग वाले झूले खरीदकर घर पर अपनी पसंद से रंगरोगन कर रहे हैं। एक झूले का वजन करीब 2 से 5 किलोग्राम तक होता है। कारीगर भोलेनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि जन्माष्टमी से करीब पंद्रह दिन पहले ही प्रतिदिन 6 से 10 ऑर्डर मिलने लगे हैं। जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आएगा, झूलों की मांग और अधिक बढ़ेगी।

## समाज इवेंट

# महिलाओं को सशक्त बनाने हर पखवाड़े लगाएंगे व्यापार मेला



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला चैंबर की नई टीम द्वारा हमारे सपने थीम पर शनिवार को सुबह 11.30 बजे भव्य आयोजन किया जाएगा। बॉम्बे मार्केट में चैंबर कार्यालय और व्यापार उद्योग भवन में महिला चैंबर अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता, नम्रता अग्रवाल, मनीषा तारवानी और पदाधिकारी पदभार ग्रहण करेंगी। इससे पूर्व शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि टीम को तीन साल काम करने के लिए मिल रहे हैं, लेकिन इस कार्यकाल में महिलाओं को इतना सशक्त बनना चाहती हूं कि वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें और कानून की इतनी जानकारी हो सके कि किसी मुद्दे पर आसानी से अपनी बात रख सकें। इसी क्रम में दुर्ग, भिलाई और बिलासपुर में भी महिला चैंबर का गठन किया है।

### हर 15 दिन में महिलाएं सजाएंगी स्टाल

ईला गुप्ता ने बताया कि शनिवार को चैंबर भवन में समूह की महिलाओं द्वारा स्टाल्स सजाए जाएंगे। स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए घरेलू और उपयोगी प्रोडक्ट बेचने के लिए मेला लगाया जाएगा। महिला चैंबर अध्यक्ष ने आगे बताया कि हर क्षेत्र में महिलाएं बेहतर काम करने लगी हैं। नई टीम से जुड़ीं महिला चैंबर की सभी पदाधिकारी पहले शपथ ग्रहण करेंगी। इससे पहले ही स्टाल्स पर घर- किचन के साथ ही आफिस को डिफरेंट लुक देने में महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को हर 15-15 दिन में बेचने के लिए महिलाओं द्वारा व्यापार मेला का आयोजन किया जाएगा।

## कार्नर न्यूज

## रोटरी क्लब ऑफ क्वीन संस्था का अंताक्षरी 'सावन महोत्सव' का आयोजन

# इंद्रधनुष के सात रंगों के थीम पर सजा सावन महोत्सव, फिल्मी गीतों पर झूमीं महिलाएं

**रायपुर।** "मैं निकला ओ गड्डी लेके, ....अंताक्षरी के दौरान जैसे ही यह गाना स्क्रीन पर नजर आया, महिलाओं में उत्साह की लहर देखने को मिली। जहां हर एक गाने को पजल के रूप में बताया जा रहा था। जहां एक ओर समूह की महिलाएं आपसी तालमेल से गाने गुनगुना रही थीं, वहीं दूसरी ओर अन्य महिलाएं गाने का लुत्फ उठाती, ठुमके लगाती दिखीं। यह अवसर पर सावन महोत्सव का, जहां सौ से अधिक महिलाएं आपस में मस्ती भरे अंदाज में झूमती-गातीं नजर आई।" रोटरी क्लब ऑफ क्वीन संस्था द्वारा अंताक्षरी 'सावन महोत्सव' का आयोजन किया गया, जहां महिलाएं इंद्रधनुष के सात रंगों की थीम पर सजी दिखीं। आयोजन के दौरान महिलाओं की भागीदारी और ऊर्जा देखने लायक रही। कार्यक्रम संयोजकों ने बताया कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से सावन की पारंपरिक खुशियां आधुनिक अंदाज में मनाने का अवसर मिलता है। इस खास अवसर पर क्लब की अध्यक्ष दीपिंदर कौर, सचिव प्रभजीत कौर, पूर्व अध्यक्ष मोनिका जग्गी, शीतल अग्रवाल, अनिता गोयल शामिल हुईं।





### उषा बनीं सावन क्वीन ...

महुआ बाजार स्थित बरसाना एन्क्लेव में शुक्रवार को सावन उत्सव सेलिब्रेट किया गया। इसमें महिलाएं हरित परिधान में शामिल हुईं। सभी ने एक मिनट गेम्स का लुत्फ उठाया। म्यूजिकल चेयर और सावन क्वीन प्रतियोगिता हुई। इसमें उषा गुप्ता सावन क्वीन बनीं। क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गया। एक मिनट गेम्स में अलका अग्रवाल, मीरा हरितवाल, म्यूजिकल चेयर में उषा गुप्ता और शोभा गुप्ता विजेता रहीं। सभी विजेताओं को बेलपत्र, शमी पत्र और पान के पौधे से सम्मानित किया गया। सभी को घर से नाश्ते के लिए स्टील की प्लेट व गिलास लाने के लिए कहा गया था, ताकि पर्यावरण को डिस्पोजल और प्लास्टिक से मुक्त किया जा सके। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से माया वर्मा, सरोज मित्तल, प्रेमा टावरी, श्वेता जैन, रेखा अवस्थी आदि ने भाग लिया।



### सावन महोत्सव में पर्यावरण जागरूकता का संदेश

मीडिया सिटी की महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से गुरुवार को सावन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान 'ग्रीन इंडिया–ग्रीन छत्तीसगढ़' थीम पर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव की पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें देश की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई। इसमें महिलाओं ने मनोरंजन से भरपूर पारंपरिक खेल में हिस्सा लिया, वहीं इस दौरान 50 से अधिक महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संगीता गोस्वामी, सुनीता सिंह, चंद्रकला देवांगन, साधना साहू, शकुंतला तिवारी, सरिता साहू, मंजू वर्मा, हेमलता सिन्हा, प्रभा पांडेय, मीना चंद्राकर, नीतू साहू और लेखा वर्मा उपस्थित रहीं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### टी 20 में छत्तीसगढ़ की जीत ऐश्वर्य ने बनाए 66 रन



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी द्वारा सीनियर वुमेंस इंटर स्टेट टी 20 अभ्यास मैच 2024-25 में छत्तीसगढ़,झारखंड, पुडुच्चेरी और हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। शुक्रवार को पुडुच्चेरी में छत्तीसगढ़ टीम का मैच पुडुच्चेरी के विरुद्ध हुआ। पुडुच्चेरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पुडुच्चेरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 111 रन बनाये । पुडुच्चेरी की ओर से प्रत्युशा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये 33 रन तथा कवीशा ने 28 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रीति यादव ने 3 विकेट तथा उर्मिला हरीना ने 2 विकेट प्राप्त किये। 112 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ ने 14 ओवरों में 2 विकेट खोकर 116 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने 66 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त कुति गुप्ता ने भी नाबाद 30 रनों की पारी खेली। पुडुच्चेरी की ओर से प्रत्युशा तथा मैथी ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 8 विकट से जीत लिया।

### 25वी राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू



**भिलाई।** 25 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉल बैडमिंटन बालक एवं बालिका प्रतियोगिता शुक्रवार को बीएसपी बैडमिंटन काम्पलेक्स, सेक्टर- 4 में शुरू हुई। 3 अगस्त तक चलने वाली प्रतियोगिता में राज्य की विभिन्न जिलों से टीम में भाग ले रही है। पहले दिन शानदार मुकाबले खेले गए, बालिका वर्ग में प्रथम मैच गरियाबंद और रायगढ़ जिले के बीच खेला गया। जिसमें गरियाबंद जिले ने 35-21, 35-26 से जीत हासिल की। वहीं द्वितीय मैच में दुर्ग जिले का सामना बिलासपुर जिला से हुआ। जिसमें बिलासपुर जिले ने 35-21 39-37 से जीत हासिल की और बस्तर जिले से गरियाबंद जिले का आमना-सामना हुआ। जिसमें बालक वर्ग में प्रथम मैच बस्तर और बिलासपुर जिले के बीच खेला गया जिसमें बिलासपुर जिले मैं 35-25 35-26 से जीत हासिल की वहीं दूसरे मैच में धमतरी का सामना महासमुंद जिले से हुआ। जिसमें धमतरी जिले ने 30-35 35-31 और 37-35 से जीत अपने नाम की। शाम 6:00 उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ओलंपियन, अर्जुन अवार्ड से सम्मानित राजेंद्र प्रसाद, उप महाप्रबंधक, कीड़ा संस्कृत एवं नागरिक सुविधाएं, भिलाई इस्पात संयंत्र थे। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राजेंद्र प्रसाद ने बच्चों को लगन एवं निष्ठा के साथ पढ़ाई एवं खेल में आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। खेल के मैदान में अनुशासन एवं कोचेस द्वारा दी गई टिप्स का अनुसरण कर आगे बढ़ाने को कहा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बाल बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद खान, भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष रज्जी उननोनी, उपमहा प्रबंधक ब्लास्ट फर्नेस, भिलाई इस्पात संयंत्र डी वी एस रेड्डी सचिन भिलाई इस्पात संयंत्र बॉल बैडमिंटन क्लब, श्यामल बनर्जी कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ, अंकित लूनिया, रेफरी गोपाल साहू सेवन दास, चिंतामणि केशव, केसर और ऋतु ठाकुर सहित सभी रेफरी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मनोठिया को अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड का जिम्मा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक(पीसी एंड आर ए) के एस मनोठिया ने आज अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण किया। वर्ष 2025 की वार्षिक बैठक मे श्री मनोठिया छत्तीसगढ़ से इस पद के लिए पहली बार चुने गये। वह लम्बे समय से शीर्ष पद पर कार्यरत सुरेश कैमल की जगह लेंगे। वार्षिक बैठक रायपुर में संपन्न हुई,जहां वर्ष 2025 - 26 के वार्षिक खेल कैलेंडर के साथ वार्षिक ऑडिट की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। अखिल भारतीय विद्युत नियंत्रण बोर्ड से कुल 15 सदस्य राज्य की विद्युत कंपनियां जुड़ी हैं जिसका उद्देश्य विभिन्न राज्यों के विद्युत कर्मियों को मंच प्रदान करना है। श्री मनोठिया ने बताया कि अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा यह 47 वां खेल आयोजन होगा। जिसके तहत 13 खेल गतिविधियों के लिए 12 राज्यों की विद्युत कंपनियों को आयोजन का कार्य सौंपा गया है। इस बार छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी को बैडमिंटन स्पर्धा की मेजबानी का अवसर मिलेगा, जो नवम्बर माह मे होना प्रस्तावित है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट केंद्रीय क्रीडा एवं कला परिषद के सदस्यों ने श्री मनोठिया को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## थायराइड प्रबंधन देगा आपको बेहतर स्वास्थ्य

# थायराइड को नियंत्रित करने के लिए जीवनशैली में करें छोटे-छोटे बदलाव, कुछ दिनों में दिखेगा असर


थायराइड की समस्या एक ऐसी समस्या है जिससे बहुत से लोग परेशान रहते हैं। यह ऐसी समस्या है जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य प्रभावित होता है। जो लोग इस समस्या से परेशान हैं, उन्हें अपनी दिनचर्या कुछ छोटे बदलाव करना चाहिए, जो उनके थायराइड प्रबंधन में मदद करता है।

थायराइड ग्रंथि एक छोटी, तितली के आकार की ग्रंथि है जो शरीर की गर्दन के निचले हिस्से में स्थित होती है। यह ग्रंथि शरीर की कई महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है, इसे शरीर की 'मास्टर ग्लैंड' भी कहा जाता है। यह मेटाबॉलिज्म, एनर्जी लेवल, शरीर के तापमान और लगभग हर अंग के कामकाज को नियंत्रित करने वाले हार्मोन का उत्पादन करती है। जब थायराइड ग्रंथि ठीक से काम नहीं करती, तो कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनमें हाइपोथायरायडिज्म (हार्मोन का कम उत्पादन) और हाइपरथायरायडिज्म (हार्मोन का अधिक उत्पादन) प्रमुख हैं। दुनियाभर में करोड़ों लोग थायराइड संबंधी बीमारी से जूझ रहे हैं, और भारत में इसकी व्यापकता तेजी से बढ़ रही है। हालांकि, दवाएं अक्सर इस स्थिति को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन इसके साथ अगर आप दिनचर्या में कुछ छोटे बदलाव करते हैं तो ये आपको थायराइड की समस्या को दूर करने में काफी मदद कर सकते हैं। आइए आज हम ऐसे ही तीन महत्वपूर्ण जीवनशैली परिवर्तनों के बारे में जानते हैं, जो आपकी थायराइड सेहत को बेहतर बना सकते हैं।



### संतुलित और थायराइड-अनुकूल आहार

थायराइड के सही कामकाज के लिए कुछ खास पोषक तत्व बेहद जरूरी होते हैं। अपने आहार में आयोडीन, सेलेनियम और जिंक को शामिल करना महत्वपूर्ण होता है। आयोडीन थायराइड हार्मोन के उत्पादन के लिए जरूरी है (आयोडीन युक्त नमक, समुद्री भोजन), जबकि सेलेनियम थायराइड हार्मोन को सक्रिय करने में मदद करता है। जिंक भी थायराइड हार्मोन के उत्पादन में सहायक है, इसके लिए आप कद्दू के बीज, दाल और मेवे का सेवन कर सकते हैं। इसके साथ संतुलित आहार लें, और इस बात ध्यान रखें कि गोइट्रोजेनिक खाद्य पदार्थ (जैसे कच्ची क्रूसिफेरस सब्जियां, पत्तागोभी, ब्रोकोली) का अत्यधिक सेवन न करें और इसे हमेशा अच्छे से पकाकर ही खाएं, नहीं तो ये थायराइड ग्रंथि के कार्य प्रणाली में बाधा डाल सकता है।




### नियमित शारीरिक गतिविधि

नियमित शारीरिक गतिविधि न केवल समग्र स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि थायराइड के मरीजों के लिए भी यह बेहद उपयोगी है। रोज सुबह हल्का व्यायाम करें। व्यायाम चयापचय को बढ़ावा देता है, जो अक्सर हाइपोथायरायडिज्म में धीमा हो जाता है। यह वजन प्रबंधन में सहायता करता है, जो थायराइड की एक आम समस्या है।

इसके अलावा, नियमित व्यायाम से एंडोर्फिन रिलीज होते हैं जो मूड को बेहतर बनाते हैं, थकान भी कम करते हैं। रोजाना कम से कम 30 मिनट की मध्यम तीव्रता वाली कसरत जैसे तेज चलना, जॉगिंग, साइकिल चलाना या तैरना अपनी दिनचर्या में शामिल करें। शुरुआत धीरे-धीरे करें और अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार इसे बढ़ाएं।

### तनाव प्रबंधन और मानसिक शांति

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव एक आम समस्या है, अगर किसी को पहले से थायराइड



की समस्या है, तो उसे मानसिक तनाव दूर करने के लिए काम करना चाहिए। स्ट्रेस थायराइड के स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। दीर्घकालिक तनाव से कोर्टिसोल का लेवल बढ़ता है, जो थायराइड हार्मोन के उत्पादन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। इससे थकान, वजन बढ़ना और मूड स्विंग्स जैसे लक्षण और बिगड़ सकते हैं। तनाव को नियंत्रित करने के लिए रोजाना कुछ मिनट ध्यान, गहरी सांस लेने के व्यायाम, योग या अपने पसंदीदा शौक (जैसे संगीत सुनना, गार्डनिंग) में समय बिताएं। तनाव कम होने से थायराइड ग्रंथि बेहतर ढंग से कार्य करती है।



# फोन से निकलती किरणों से त्वचा को होते हैं बड़े नुकसान

अगर आप भी फोन को एकदम अपने चेहरे के पास लाकर इस्तेमाल करते हैं, तो इस लेख को अंत तक पढ़ें। ये हर किसी के लिए बेहद जरूरी है। आज के समय में मोबाइल हर किसी की जिंदगी का काफी अहम हिस्सा हो गया है। सुबह उठते ही और रात को सोते समय, हर किसी के हाथ में मोबाइल तो होता ही है। शायद ही लोग कभी अपने फोन को छोड़कर कहीं जाते हैं। डॉक्टर भी सलाह देते हैं कि ज्यादा मोबाइल के इस्तेमाल से आंखों पर प्रभाव पड़ता है, लेकिन लोग नहीं समझते। पर, क्या आप जानते हैं कि मोबाइल आपकी आंखों के साथ-साथ आपकी स्किन को भी डैमेज कर रहा है। जी हां, मोबाइल से निकलने वाली किरणें आपकी स्किन को डैमेज करने का कारण बन रही हैं। यहां हम आज आपको इसी बारे में जानकारी देंगे।

### क्यों होता है नुकसान ?



सबसे पहले जानते हैं कि आखिर फोन से आने वाली लाइट स्किन को कैसे नुकसान पहुंचांती है। दरअसल, फोन की स्क्रीन से ब्लू लाइट निकलती है, जो न सिर्फ हमारी आंखों को बल्कि साथ ही में स्किन को भी काफी नुकसान पहुंचाती है। इससे धीरे-धीरे आपकी स्किन डैमेज होने लगती है। ध्यान रखें कि आमतौर पर फोन की किरणें त्वचा को बहुत गंभीर नुकसान नहीं पहुंचातीं, लेकिन लंबे समय तक और लगातार इस्तेमाल होने पर ये समस्याएं हो सकती हैं। इस ब्लू लाइट से आपकी त्वचा को क्या नुकसान पहुंचते हैं, हम आपको आज इस बारे में बताएंगे।

### बढ़ती है उम्र

मोबाइल से निकलने वाली ब्लू लाइट स्किन की आंतरिक परत तक को नुकसान पहुंचा सकती है। इसकी वजह से स्किन पर धीरे-धीरे चेहरे पर झुर्रियां, झाइयां आने लगती है। जिस कारण त्वचा जल्दी बूढ़ी दिखने लगती है। ऐसे में फोन को जब भी इस्तेमाल करें, तो त्वचा से दूर ही रखें।

### धीरे-धीरे त्वचा की रंगत का खोना

मोबाइल की ब्लू लाइट धीरे-धीरे स्किन में मेलानिन तत्व का उत्पादन बढ़ा देता है। जब मेलानिन बढ़ जाता है तो त्वचा पर हाइपरपिगमेंटेशन या काले धब्बे हो सकते हैं।इससे कई बार स्किन टोन भी असामान्य हो जाता है।

### बढ़ेगा स्किन का रूखापन

अभी बारिश का मौसम है, लेकिन फिर भी स्किन का रूखापन काफी बढ़ा हुआ है। ऐसे में अगर आप मोबाइल को अपने चेहरे के पास रखेंगे तो इससे आपकी दिक्कत और बढ़ सकती है। दरअसल, लगातार फोन की स्क्रीन देखने से त्वचा की नमी कम हो सकती है, जिससे त्वचा रूखी और संवेदनशील हो सकती है।

# बर्तन से भी आता है भोजन में स्वाद, जानिए इसकी वजह

अक्सर लोगों को ये समझ नहीं आता है कि कौन सी सब्जी कढ़ाही में बनाई जाती है, और कौन सी प्रेशर कुकर में। इसी के चलते लोग संशय में रहते हैं। इस बारे में आपको जानना जरूरी है।

**लौकी-तुरई :** यदि आपको लौकी-तुरई खाना पसंद है, तो इसे हमेशा कुकर में ही पकाना चाहिए। कुकर में लौकी-तुरई बनाने के जलने का खतरा नहीं रहेगा। अगर आप इसे कढ़ाई में बनाएंगे तो तो ये जल्दी पक कर नीचे से जल सकती है, जबकि कुकर में लौकी-तुरई बनाने से इसका स्वाद अंदर तक समा जाता है। ऐसे में आप जब भी लौकी या तुरई की सब्जी बनाना चाहते हैं तो कुकर में ही बनाएं।

**पालक का साग :** कुछ सब्जियों को गलाने में काफी मेहनत लगती है, इन्हीं में शामिल है पालक का साग। इसे भी आपको कढ़ाही में बनाने की जगह कुकर में ही बनानी चाहिए। कुकर में



पकाने से ये जल्दी बनती हैं और फिर बाद में कढ़ाई में तड़का दिया जा सकता है। इसे आपको ज्यादा देर तक कढ़ाई में नहीं पकाना चाहिए।

**आलू-बैंगन की ग्रेवी वाली सब्जी :** ये दोनों सब्जियां जब एक साथ पकती हैं तो उनका स्वाद कई गुना बढ़ जाता है। आलू को गलने में थोड़ा समय लगना है, ऐसे में इसे बैंगन के साथ कुकर में ही पकाएं। विशेष रूप से जब इसे ग्रेवी के साथ तैयार किया जा रहा है, तब तो इसे कुकर में ही तैयार करें।

# घर में सुख-समृद्धि और शांति आएगी फेंगशुई के इन उपायों से

आज के समय में हर कोई शांति और सूकून का समय व्यतीत करना चाहता है। इसके लिए आप फेंग शुई के कुछ उपाय अपना सकते हैं।

### प्रवेश द्वार पर ध्यान दें

आपके घर का प्रवेश द्वार सिर्फ आने-जाने का रास्ता नहीं, बल्कि यह वह जगह है जहां से घर में धन और समृद्धि की ऊर्जा प्रवेश करती है। अगर आपका मुख्य दरवाजा खोलते या बंद करते समय चरमराहट की आवाज आती है, तो तुरंत उसे ठीक करवाएं। ऐसी आवाजें नकारात्मकता फैलाती हैं और घर के सदस्यों के समग्र कल्याण को प्रभावित करती हैं। आप दरवाजे के कब्जों में कुछ बूंदें तेल डालकर इसे ठीक कर सकते हैं।

फेंग शुई के अनुसार, नियमित रूप से घर की सफाई और सभी सामानों को व्यवस्थित रखना चाहिए। अव्यवस्थित जगह कभी भी सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित नहीं कर सकती। सबसे पहले, उन चीजों की लिस्ट बनाएं जिनसे आप छुटकारा पाना चाहते हैं। हर वीकेंड पर 30 मिनट का समय निकालकर अपने घर को व्यवस्थित करें। हमेशा छोटे हिस्सों से शुरुआत करें और फिर बड़े हिस्सों की ओर बढ़ें।




























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जस्टिन ट्रूडो के साथ दिखी सिंगर कैटी पेरी, चर्चाओं का बाजार हुआ गर्म



पॉप सिंगर कैटी पेरी अब अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर एक बार फिर चर्चाओं में आ गई हैं। कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के साथ उनकी डिनर करने की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। हॉलीवुड की पॉप सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो इन दिनों सुर्खियों में हैं और इसकी वजह है दोनों की साथ में डिनर डेट। मॉन्ट्रियल में दोनों को एक हाई-एंड रेस्टोरेंट में एक साथ डिनर करते और बाद में पार्क में टहलते देखा गया, जिससे सोशल मीडिया और इंटरनेशनल मीडिया में उनके बीच डेटिंग को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है।

कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' के लिए कनाडा में हैं और इसी दौरान वो मॉन्ट्रियल पहुंचीं। वहीं, जस्टिन ट्रूडो के साथ उनकी नजदीकियां पहली बार उस वक्त चर्चा में आईं जब दोनों को दिन के समय माउंट रॉयल पार्क में टहलते हुए देखा गया। ट्रूडो ने कैजुअल जीन्स और टी-शर्ट पहनी थी, जबकि पेरी भी सिंपल लुक में थीं। इस दौरान कैटी पेरी के साथ उनका पालतू कुत्ता भी था। इसके बाद दोनों को शाम को मॉन्ट्रियल के एक शानदार रेस्टोरेंट में एक साथ डिनर करते देखा गया। इंटरनेशनल मीडिया के सूत्रों की मानें तो दोनों ने लॉबस्टर और कई कोर्स की डिशेज एन्जॉय की और साथ में कॉकटेल का भी मजा लिया। रेस्टोरेंट के एक कर्मचारी ने यहां तक बताया कि उनकी शाम बेहद खास लग रही थी। हाल ही में कैटी पेरी और ऑरलैंडो ब्लूम के बीच करीब 10 साल के रिश्ते और सगाई के बाद ब्रेकअप हुआ है। दोनों अब अपनी 4 साल की बेटी डेजी डोव ब्लूम की को-पेरेंटिंग कर रहे हैं।

### टॉलीवुड

## 'द राजा साब' रिलीज नहीं होगी तय तारीख पर प्रभास के फैंस को करना होगा और इंतजार



साउथ एक्टर प्रभास की अगली फिल्म 'द राजा साब' एक रोमांटिक हॉरर कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन मारुति कर रहे हैं। इस फिल्म के टीजर को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। लेकिन ताजा जानकारी के अनुसार, यह फिल्म अब अपनी निर्धारित तारीख पर रिलीज नहीं हो पाएगी।

पहले प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' इस साल 10 अप्रैल रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 5 दिसंबर के लिए टाल दिया गया। लेकिन अब खबर के अनुसार, यह फिल्म फिर से टल सकती है और संक्रांति 2026 में, यानी 9 जनवरी, 2026 को रिलीज हो सकती है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

'द राजा साब' में बहुप्रतीक्षित फिल्म है। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म में प्रभास के अलावा मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, संजय दत्त और रिद्धि कुमार मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसे टीजी विश्व प्रसाद और पीपल मीडिया फैक्ट्री प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसका संगीत थमन ने तैयार किया है। इस पैन इंडिया फिल्म को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। साउथ एक्टर प्रभास 'द राजा साब' के अलावा और भी कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोट्र्स के अनुसार, प्रभास 'स्पिरिट', 'फौजी' और 'सालार 2' जैसी फिल्मों में नजर आएंगे। फिल्म 'स्पिरिट' को संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित करेंगे। वहीं 'फौजी' और 'सालार 2' के लिए भी प्रशंसक काफी उत्साहित हैं।

### भोजपुरी

## 'हैंडसम पति मैं तुमसे प्यार करती हूं' मोनालिसा ने पति विक्रांत पर बरसाया प्यार



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर पति विक्रांत सिंह राजपूत संग कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें विक्रांत के जन्मदिन की हैं। मोनालिसा ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी और पति विक्रांत सिंह राजपूत की कई लाजवाब तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। मोनालिसा ने यह तस्वीरें खासतौर पर विक्रांत के जन्मदिन पर शेयर की हैं। सेलेब्स और फैंस भी विक्रांत को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं। मोनालिसा ने आज इंस्टाग्राम पर पति विक्रांत सिंह राजपूत के साथ कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो हैंडसम ₹पति₹ ... मैं तुमसे प्यार करती हूं। उनके जन्मदिन को और भी खास बनाने के लिए बेहतरीन सूफी संगीत के साथ शानदार समय बिताया।' मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। मोनालिसा के इंस्टाग्राम पर 5.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। मोनालिसा की इस खास पोस्ट पर कई सेलेब्स और फैंस ने भी विक्रांत को जन्मदिन की बधाई दी है। मोनालिसा की इस पोस्ट को भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह के अलावा 16 हजार से ज्यादा लोगों ने पसंद किया है। एक्ट्रेस सीमा सिंह ने लिखा, 'जन्मदिन की शुभकामनाएं', सीमा की इस बधाई पर मोनालिसा ने उनका धन्यवाद किया। एक्टर प्रसून यादव ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। रितेश कुमार ठाकुर ने क्लैप इमोजी बनाई है। एक्ट्रेस मधु शर्मा ने लिखा, 'जन्मदिन की शुभकामनाएं', एक फैन ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो भाई..हमेशा खुश रहो', एक और फैन ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो विक्रांत सर', एक और फैन ने लिखा, 'बिग बॉस के यादगार कपल', एक और फैन ने लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो हैंडसम, हमेशा खुश रहो।'

### लाइफ स्टाइल

## टिस्कारेनो का कलेक्शन



हेरिटेज हाउस और उभरते हुए लेबल्स से भरे फ़ैशन परिदृश्य में विव्ज़ वर्ल्ड फ़ैशन वीक ने विविध, दूरदर्शी डिज़ाइनरों को मंच देने अपनी अलग पहचान बनाई है। और जहाँ लंदन फ़ैशन वीक नवाचार के लिए कोई अजनबी नहीं है, वहीं 2025 ने विव्ज़ वर्ल्ड फ़ैशन वीक की वापसी ने रचनात्मकता की एक नई लहर ला दी है। शो की शुरुआत मैनुअल टिस्कारेनो के इन कलेक्शन से हुई।

## बार-बार कटवाने के बावजूद दोमुंहे बालों से परेशान तो आजमाएं ये आसान नुस्खे

यदि आप भी दो मुंहे बालों से परेशान हैं, तो हमारे बताए नुस्खों को एक बार आजमाकर देख लें। इससे आपको अवश्य ही राहत मिलेगी। बारिश के मौसम में ज्यादातर लोग बालों से संबंधित समस्याओं से परेशान रहते हैं। खासतौर पर दो मुंहे बाल, जिन्हें स्प्लिट एंड्स भी कहते हैं, ये परेशानी महिलाओं का पीछा नहीं छोड़ती। हर महीने ट्रिमिंग कराने के बावजूद बालों दो भागों में विभाजित होकर दोमुंहे हो जाते हैं। जिससे ये देखने में काफी खराब लगते हैं। अब हफ्ते या 15 दिन में बाल कटाना संभव नहीं है। तो यदि आपके बाल भी जल्दी और बार-बार दोमुंहे होते हैं तो कुछ घरेलू नुस्खे ट्राई करें। इससे आपके बालों को नमी मिलेगी, जिससे बाल दो मुंहे नहीं होंगे।



### नारियल तेल और नींबू

यदि आप आसान विधि से अपने जो मुंहे बालों को हटाना चाहती हैं तो उसके लिए इन दो चीजों का इस्तेमाल करें। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में थोड़ा सा नींबू का रस लेकर उसमें नारियल का तेल मिक्स करें। अब इस मिश्रण को अपने बालों के छोर पर अप्लाई करें। ध्यान रखें नींबू हर किसी को सूट नहीं करता है, इसलिए इसे स्कैल्प पर पैच टेस्ट के बाद ही अप्लाई करें। अप्लाई करने के बाद आधे घंटे तक बालों को ऐसे ही छोड़ दें। आधे घंटे के बाद अपने बालों को किसी माइल्ड शैंपू की मदद से धो लें। हफ्ते में दो बार ऐसा करें और फर्क देखें।

शहद और जैतून का तेल

जैतून का तेल यानी कि ऑलिव ऑयल भी आपको आसानी से अपने घर पर मिल जाएगा। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो बालों को रिपेयर करने का काम करते हैं। इसके लिए एक चम्मच शहद में दो चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। अब इस पैक को अपने बालों में अप्लाई करें। बालों में पैक लगाने के बाद आधे घंटे के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। शहद आपके बालों में नमी को लॉक करने का काम करेगा। आधे घंटे के बाद जब पैक हल्का-हल्का सूखने लगे तो बालों को धो लें। इसक दौरान बालों की सफाई अच्छे से करें, ताकि शहद बालों में चिपका न रह जाए।

## फ्रेंडशिप डे पर क्यूट, कंफर्टेबल और इंस्टा-रेडी आउटफिट



हर साल अगस्त के पहले रविवार को फ्रेंडशिप डे मनाया जाता है। इस साल ये दिन 3 अगस्त को पड़ेगा, इसलिए इस साल फ्रेंडशिप डे 3 अगस्त को मनाया जाएगा। जब हम सभी छोटे थे, तो इस दिन के लिए काफी उत्साहित रहते थे। बाजार जाकर अपने दोस्तों के लिए फ्रेंडशिप बैंड खरीदते थे, और उन्हें बांधते थे। अब जैसे-जैसे हम बड़े हुए और समय बदला तो लोग सिर्फ एक-दूसरे को विश कर देते हैं। इसके अलावा अब बस लोग दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बना लेते हैं। यदि आप भी अपने दोस्तों और सहेलियों के साथ इस फ्रेंडशिप डे पर घूमने जा रही हैं, और समझ नहीं आ रहा कि क्या पहनें तो यहां उसके कुछ विकल्प दिए जा रहे हैं।



क्यूट दिखने के लिए पहनें ऐसा को-ऑर्ड सेट

अगर आपको क्यूट दिखना पसंद है तो इस तरह का को-ऑर्ड सेट आप कैरी कर सकती हैं। इसके लिए आपको माइक्रो स्कर्ट, टीशर्ट और जैकेट कैरी करनी है। इस तरह की ड्रेस के साथ अपने बालों को कर्ल करें। कर्ल बाल आपकी खूबसूरती को बढ़ाने का काम करेंगे। ऐसे आउटफिट के साथ बालों को हाफ टाई करके बो अवश्य लगाएं।

### नी लेंथ ड्रेस



कुछ हटकर लेकिन क्लासी पहनने का मन है, तो इस तरह की नी लेंथ ड्रेस पहनें। ऐसी ड्रेस तकरीबन हर लड़की के पास होती है। ऐसी ड्रेस के साथ पैरों में हील्स अवश्य कैरी करें। हील्स की वजह से आपका लुक और ड्रेस और भी प्यारा दिखेगा। इसके साथ गले में और हाथ में कुछ एक्सेसरीज अवश्य पहनें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

### ऑम्ब्रे गाउन

यदि सहेलियों के साथ डिनर पर जाने का प्लान बना है तो इस तरह का ऑम्ब्रे गाउन कैरी करें। ऐसा ऑम्ब्रे गाउन रात के समय बहद खूबसूरत दिखेगा। ऐसे गाउन के साथ आपका मेकअप हल्का होना चाहिए, ताकि लुक प्यारा दिखे।

## बच्चियों को लिपस्टिक लगाने देने से पहले सभी पहलू सोच लें अच्छी तरह

लिपस्टिक एक ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है, जिसके इस्तेमाल से आपका लुक एकदम से बदल जाता है। ऐसे में हर महिला के बाद लिपस्टिक का शानदार कलेक्शन होता है। पर, कई बार बड़ों की देखा-देखी घर की बच्चियां भी लिपस्टिक लगाने लगती है। उन्हें लिपस्टिक लगाना पसंद आने लगता है।



### सूखने लगेंगे होंठ

यदि छोटी बच्चियां ज्यादा लिपस्टिक का इस्तेमाल करती हैं, तो उससे उनके होंठ धीरे-धीरे सूखने लगते हैं। कई बार तो ये दिक्कत इतनी बढ़ जाती है, कि इस कारण होंठ फटने भी लगते हैं, और जख्म हो जाता है।

### शरीर को हो सकता है नुकसान

कई सस्ती लिपस्टिक में भारी धातुएं जैसे लेड, कैडमियम हो सकती हैं, जो बच्चों के लिए विशेष रूप से हानिकारक हैं। ये रसायन शरीर में जाकर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं। इसलिए जितना हो सकें, इससे बचें।

### त्वचा संक्रमण का खतरा

कई तरह की लिपस्टिकों में जो केमिकल मौजूद होते हैं, वो होंठों पर बैक्टीरिया संक्रमण का कारण बनते हैं। ये दिक्कत तब सबसे ज्यादा होती है, जब आपके घर की बच्ची किसी और के द्वारा इस्तेमाल की हुईं लिपस्टिक का इस्तेमाल करती है। इसलिए ऐसा करने से उसे हमेशा रोकें।

### क्या हैं इसके सुरक्षित विकल्प?

यदि आपकी बेटी या घर की बच्ची लिपस्टिक लगाने की जिद कर रही है तो उसके लिए ऐसे टिंटेड लिप बाम लेकर दें।

## डेड स्किन हटाएं और स्किन को करें रिपेयर घरेलू बॉडी स्क्रब से

त्वचा पर जमी डेड स्किन की वजह से चेहरा और हाथ-पैर काफी डल दिखने लगते हैं। ऐसे में दमकती त्वचा पाने के लिए लोग समय-समय पर बॉडी स्क्रब का इस्तेमाल करते हैं, जो स्किन के लिए काफी सही माना जाता है। ये बॉडी स्क्रब आपकी स्किन की मृत त्वचा को हटाकर स्किन टोन को एक शेड तक लाइट कर देता है। बाजार में अब हर स्किन टाइप के हिसाब से बॉडी स्क्रब आते हैं। अगर आपको बाजार में आने वाले स्क्रब पर भरोसा नहीं है, तो आप घरेलू स्क्रब ट्राई करें।



### कॉफी और नारियल तेल

इन दोनों चीजों के इस्तेमाल से आप घर पर ही बॉडी स्क्रब तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ एक कटोरी में सबसे पहले नारियल का तेल लेना है। अब इसमें थोड़ी सी पिसी चीनी और कॉफी मिक्स करें। दोनों चीजों को मिक्स करने के बाद इसे स्किन पर अप्लाई करें। 5 मिनट इसे ऐसे ही लगा रहने दें और फिर हल्का गीला करके मसाज करें। मसाज के बाद पानी से धो लें। इससे आपके शरीर की गंदगी साफ हो जाएगी और त्वचा खिल उठेगी।

### शहद और ओट्स


ये दोनों चीजें आपको आसानी से अपनी रसोई में मिल जाएंगी। इनसे स्क्रब बनाने के लिए आपको बस दूध की जरूरत और पड़ेगी। तो सबसे पहले एक कटोरी में दरदरा पिसा ओट्स लें और फिर उसमें थोड़ा सा शहद और दूध मिक्स करें। तीनों चीजों को मिक्स करने के बाद अपनी स्किन पर इसे अप्लाई करें और फिर मसाज के बाद त्वचा धो लें। ये त्वचा को दमकाने के साथ-साथ त्वचा की नमी को बरकरार रखता है।

### कार्नर न्यूज

#### फैशन में आउटफिट का रंग तय करता है आपका मेकअप

## आउटफिट के रंग के हिसाब से ही करें मेकअप, बढ़ जाएगी आपकी खूबसूरती

अगर आप परफेक्ट लुक पाना चाहती हैं तो मेकअप हमेशा अपने आउटफिट के रंग के हिसाब से ही करें। यहां उसके कुछ विकल्प आपको दिए जा रहे हैं। वो कहते हैं न कि मेकअप सिर्फ सुंदरता बढ़ाने का जरिया नहीं है, ये एक ऐसी कला है, जिसकी वजह से महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है। आज के समय में महिलाएं और पुरुष दोनों ही मेकअप का इस्तेमाल करते हैं। मेकअप अगर सही से किया जाए तो ये खूबसूरती बढ़ा देता है, वहीं गलत तरह से किया जाने वाला मेकअप आपके लुक को पूरी तरह से बिगाड़ भी सकता है। ध्यान रखें कि परफेक्ट मेकअप हमेशा आउटफिट के हिसाब से किया जाता है। यदि आपको भी मेकअप करना पसंद है और आप परफेक्ट लुक पाना चाहती हैं तो अपने आउटफिट के रंग के हिसाब से ही मेकअप करें। मेकअप गाइड के रूप में ये लेख आपकी मदद करेगा।



### ब्लैक आउटफिट

यदि आपको ब्लैक रंग का आउटफिट पहनना पसंद है तो उसके साथ मेकअप भी सही से करें। दरअसल, ब्लैक आउटफिट अपने आप में ही काफी बोल्ड होता है, ऐसे में इसके साथ थोड़ा अलग तरह का मेकअप अच्छा लगता है।

आप ब्लैक रंग के आउटफिट के साथ रेड, वाइन या डीप मरून रंग की लिपस्टिक लगा सकती हैं। इसके अलावा स्मोकी आईज या सिल्वर शिमर ब्लैक आउटफिट में चार चांद लगा देंगे। पिंक ब्लश आपको और खूबसूरत बनाएं। वहीं ब्लैक आउटफिट के साथ हाईलाइटर हमेशा गोल्डन टच वाला इस्तेमाल करें।



### रेड आउटफिट

महिलाओं का लाल रंग काफी पसंद आता है। इसे वो खासतौर पर त्योहारों के सीजन में भी पहनना पसंद करते हैं। यदि आपके पास भी लाल रंग का आउटफिट है तो उसके साथ हमेशा न्यूड या फिर ब्राउन शेड की लिपस्टिक का इस्तेमाल करें। अब लाल आउटफिट के साथ लाल लिपस्टिक का ट्रेंड चला गया। ये सिर्फ कुछ ही मौकों पर अच्छी लगती है।

लाल आउटफिट के साथ ब्राउन स्मोकी या विंग्ड लाइनर आपकी आंखों को बड़ा दिखाएगा। इसके अलावा लुक को और प्यारा बनाने के लिए टेराकोटा ब्लश इस्तेमाल करते हुए वॉर्म टोन का हाइलाइटर ब्यूटी बोन्स पर अप्लाई करें। ध्यान रखें कि लाल आउटफिट के साथ आपका मेकअप सटल होना चाहिए।